# City24News
शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर | वर्ष 2, अंक 29 | पेज 8 | मंगलवार 30 जनवरी, 2024 | संपर्कः 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media


## मुख्यमंत्री ने सामाजिक कार्य हेतु गांव को सुपुर्द किया अपना पैतृक मकान

**मकान में गांव के बच्चों के लिए स्थापित होगी ई-लाइब्रेरी**

**ई-लाइब्रेरी के संचालन हेतु गठित की जाएगी कमेटी**

**माता-पिता की निशानी है यह घर, बचपन व पढ़ाई का समय गांव में बीता, बनियानी गांव मेरे लिए दर्शनीय : मनोहर लाल**



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रोहतक जिला के गांव बनियानी में स्थित अपने मकान को सामाजिक कार्य हेतु गांव को सौंप दिया। मुख्यमंत्री आज रोहतक से भिवानी जाते समय अपने गांव बनियानी पहुंचे और अपने पैतृक घर पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों के समक्ष सामाजिक कार्य के लिए अपने मकान को गांव के सुपुर्द करने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री के इस प्रस्ताव का ग्रामीणों ने जोरदार तालियां बजाकर व नारे लगाकर स्वागत किया।

मनोहर लाल ने कहा कि यह गांव उनके लिए दर्शनीय है, क्योंकि उनका बचपन यहां बीता है और पढ़ाई भी यहीं पर रहकर की है। उन्होंने कहा कि यह मकान उनके माता-पिता की निशानी है, जो उन्होंने उनके नाम किया था। उन्होंने कहा कि यह घर आज वे गांव को सुपुर्द कर रहे हैं। उन्होंने अपने मकान के साथ लगते चाचा के बेटे के मकान को भी गांव को सौंप दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों घरों को मिलाकर यह लगभग 200 गज का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि इस मकान में ई-लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। ई-लाइब्रेरी मं कंप्यूटर के अलावा किताबें उपलब्ध करवाई जाएगी। बुजुर्गों की रुचि के मुताबिक भी यहां किताबें आदि सामान भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि इस मकान का सदुपयोग हो, बच्चे यहां बैठकर पढ़े-लिखे और अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण करें। इस उद्देश्य से गांव की समिति का गठन किया जाएगा, जो इसकी पूरी देखरेख करेगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने भिवानी रोड से मोखरा रोड तक बनियानी माइनर के साथ सड़क निर्माण के प्रस्ताव को लेकर संबंधित किसानों से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री गांव में ही राजकुमार के मकान पर भी गए। यहां भी उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और कहा कि यह जगह उनके लिए यादगार है, क्योंकि यहां उनका बचपन बीता है। उन्होंने अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि इस जगह पर देवी सिंह की कुंई हुआ करती थी। गांव बनियानी में पहुंचने पर गांव के पूर्व सरपंच एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बंसी विज व पूर्व विधायक सरिता नारायण सहित अन्य गणमान्य लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग सहित अन्य नेतागण व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## झूठ और जुमलों पर आधारित गठबंधन सरकार की विदाई का समय आ गया : कुमारी सैलजा

**भाजपा एक ओर भगवान राम की बात करती है तो दूसरी ओर राम पर करती है राजनीति**

**कहा- हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी, जनता की मर्जी के होंगे काम**

**हम सब मिलकर हरियाणा की प्रगति में मजबूत भूमिका निभाएंगे : किरण चौधरी**



**सिटी 24 न्यूज**

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि झूठ और जुमलों पर आधारित गठबंधन सरकार की विदाई का समय आ गया है, कांग्रेस संदेश यात्रा के बाद प्रदेश में बदलाव आएगा, कांग्रेस की सरकार बनेगी फिर जनता की मर्जी के सारे काम होंगे क्योंकि इस सरकार के कार्यकाल में जो भी अपने हक के लिए आवाज उठाता है उस पर लाठियां बरसाकर उसे लहुलुहान कर दिया जाता है। आज भाजपा राम का नाम लेकर फिर जनता को गुमराह करना चाहती है इनके बहकावे में नहीं आना है राम पहले भी हमारे थे और हमारे ही रहेंगे, राम का नाम लेने के लिए भाजपा के सर्टीफिकेट की जरूरत नहीं हैं।

वे सोमवार को जिला के गांव ढांड में एक जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से जनता तक राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे का संदेश पहुंचाना है। कांग्रेस के प्रति जनता का लगाव देखने को मिल रहा है। उनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत भी सिरसा लोकसभा क्षेत्र से हुई थी। उन्होंने कहा कि जिस दिन किसान और मजदूर के घर पर खुशहाली आएगी समझना तरक्की कर रही है। भाजपा सरकार किसानों और मजदूरों के साथ विश्वासघात और मजाक कर रही है। भाजपा भगवान राम की बात करती है तो दूसरी ओर राम पर राजनीति करती है। इतना ही नहीं भगवान राम के मर्यादा पूर्ण शासन की गरिमा को भंग करके जाति, धर्म और भाषा के आधार पर भेदभाव करके मानवता पर चोट की जा रही है। बेरोजगारी के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं, प्रदेश के हालात बद से बदतर हो गए हैं, पढ़े-लिखे नौजवान आज सरकार की नाकामियों के चलते बेबस नजर आ रहे हैं। बुजुर्गों के सामने अपने युवाओं के सपने साकार न होते देखना बड़ा दुख पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमें कांग्रेस संदेश यात्रा निकालने का उद्देश्य दिया, खुद पहले उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा और अब भारत जोड़ो नया यात्रा निकाली है वह हम सब के लिए सामाजिक प्रेम और एकता के साथ प्रदेश और राष्ट्र की खुशहाली के लिए कार्य करने का मजबूत संदेश है। हमारे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विश्वास दिलाया है कि जब तक गरीब से गरीब व्यक्ति विकास की दूरी में शामिल न हो और कांग्रेस का निष्ठावान कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण न हो तब तक हमें अपना संघर्ष जारी रखना है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि यह यात्रा समय की पुकार है क्योंकि, नौजवानों को रोजगार मिलना चाहिए, बहनों को महंगाई से निजात चाहिए। यह निजात कांग्रेस ही दिला सकती है। आज हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन है। नौकरियां बिक रही हैं, इसलिए आपकी नौकरियों में हिस्सेदारी घट गई है। कुमारी सैलजा ने कहा कि इस बार कांग्रेस का साथ दें, तो आने वाला समय न्याय का समय होगा, 36 बिरादरी का समय होगा, आपका सभी का होगा।

**हम मिलकर हरियाणा की प्रगति में में मजबूत भूमिका निभाएंगे : किरण चौधरी**

इस मौके पर पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने कहा कि हम एकता के साथ संघर्ष करेंगे। कुमारी सैलजा ने जो वायदा किया है वह हमेशा पूरा करती है बड़ी नेता है और हम मिलकर हरियाणा की प्रगति में मजबूत भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कुमारी सैलजा ने कहा कि इस बार कांग्रेस का साथ दें, तो आने वाला समय न्याय का होगा, 36 बिरादरी का होगा, आपका सभी का होगा। जनता जो सपना देख रही है उसे हम और आप मिलकर पूरा कर सकते हैं।

**युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं में दिखा विशेष उत्साह**

बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही अपने नेताओं के विचार सुनने के लिए उत्साहित नजर आए। महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण रही। महिलाओं ने अपनी नेताओं कुमारी सैलजा, किरण चौधरी को अपना समर्थन और सहयोग देने का जोरदार वायदा किया। बुजुर्गों का कहना है कि अब हरियाणा में बदलाव नजर आ रहा है। जब मजबूत नेता एक साथ होकर कांग्रेस की विचारधारा के साथ निष्ठावान कार्यकर्ता को साथ लेकर चले तो यह तय की हरियाणा फिर से खुशहाल होगा आगे बढ़ेगा।

इस मौक पर हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुज्जर, विधायक रेणुबाला, पूर्व मंत्री अत्तर सिंह सैनी, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोडी, पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा, हरियाणा प्रदेश लीगल विभाग के चैयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट अरविंद शर्मा, सुधीर गोदारा, संजीव भारद्वाज, राजेश चाड़ीवाल, देवेंद्र वर्मा, धर्मपाल गुप्ता, नवनीत गोदारा, कपिल खेत्रपाल, रतन गेदर, रामनिवास राड़ा, बाला देवी खेदड़, डॉ. नवजोत कौर कश्यप, राकेश तंवर, बीरभान मेहता, संदीप नेहरा, लादू राम पूनिया, जोगी राम खेदड़, अजय सिंह खेड़ी बड़की, छोटू राम सहारण, चंद्रमोहन पोटलिया, कुणाल खोड, संतोष बेनीवाल, मलकीत सिंह रंधावा, रणदीप लोहचब, मास्टर ईश्वर, राजेश पुरखासिया, श्रवण कुमार, करमजीत कौर, संदीप चौहान, मुकेश सैनी आदि मौजूद थे।

## कर्मचारी चयन आयोग द्वारा भरे जाएंगे ग्रुप-डी के 13 हजार से अधिक पद : संजीव कौशल

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिलों में कार्यरत ग्रुप-डी के रिक्त पदों की संख्या को तीन दिन के अंदर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव आज यहां विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिलों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में मानव संसाधन विभाग के महानिदेशक को नियुक्ति प्राधिकारी मनोनित किया गया है। श्री कौशल ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप-डी के 13 हजार से अधिक पदों की भर्ती की जाएगी। इनमें विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों के लिए 500 पद भी शामिल हैं। इसके लिए विभागों द्वारा आयोग को मांग-पत्र भेजा गया है। इन कर्मचारियों का कॉमन कॉडर रहेगा, जिन्हें विभिन्न विभागों और जिलों में लगाया जाएगा। मुख्य सचिव ने सभी विभागाध्यक्षों और प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए कि विभागों द्वारा आयोग को पहले से भेजी गई मांग को ही दोबारा भेजना सुनिश्चित करें। विभागों द्वारा मांग-पत्र में भेजे गए पदों की संख्या भी पहले जितनी ही होनी चाहिए। अगर पदों की संख्या बढ़ी है तो उसे संशोधित कर सकते हैं। इस बार एचकेसीएल द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से ही पद का नाम और प्रत्येक जिले के पदनाम निर्दिष्ट किए जाएंगे। इस अवसर पर विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक, मानव संसाधन विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव रवि प्रकाश गुप्ता, उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक राजीव रतन सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



## महिला पहलवान नैना ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता गोल्ड




**सिटी 24 न्यूज/सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** रेसलिंग सेंटर सेक्टर 12 की महिला पहलवान नैना ने तमिलनाडु में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 49 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीत कर फरीदाबाद का नाम रोशन किया है।

पहलवान नैना के परिवार एंव सेक्टर 12 रेसलिंग सेंटर में जश्न का माहौल है। जानकारी के लिए बता दें कि महिला पहलवान नैना ने दिसंबर माह में दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित अंडर-19 स्कूल नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में 53 किलोग्राम में ब्रोंज मेडल जीता था। खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया ने बताया कि नैना पहलवान जैसे बच्चे अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कोच अक्षय राठी के अनुसार नैना बहुत ही मेहनती खिलाड़ी हैं वह कभी भी प्रैक्टिस को मिस नहीं करती है, उसकी खेल में रूचि का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं सर्दियों के मौसम में भी वह बल्लभगढ़ से फरीदाबाद सेक्टर 12 रेसलिंग सेंटर आकर दोनों टाइम प्रैक्टिस करती हैं। नैना पहलवान सामान्य परिवार से आती हैं और उनके माता-पिता को नैना की इस उपलर्बधि पर गौरतलब है कि नैना ने कई नेशनल लेवल पर गोल्ड एवं सिल्वर मेडल भी जीते हैं, उसका एक ही सपना है कि अंतरराष्ट्रीय खेलों में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करने का मौका भी मिले।

## लोकसभा चुनाव जीत को एतिहासिक बनाने को रोहतक में हुई भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में 2019 की तरह ही आगामी लोकसभा चुनाव में भी 10 की 10 सीटें जीतने की तैयारियों में जुटी हुई है। सोमवार को रोहतक में चुनाव प्रबंधन समिति की पहली बैठक प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में कलस्टर प्रभारी, लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा संयोजक शामिल हुए। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, सुरेंद्र पुनिया और डा. अर्चना गुप्ता की उपस्थिति में आगामी कार्ययोजना, चुनाव पर रणनीतिक चर्चा, प्रचार-प्रसार, घर-घर संपर्क को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में तीनों कलेस्टर के प्रभारी राव नरवीर सिंह, कृष्ण लाल पंवार और मनीष ग्रोवर तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला सहित अनेक नेता भी मौजूद रहे। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में खोले जा रहे कार्यालयों को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। श्री सैनी ने बैठक में अब तक हुई संगठनात्मक गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी ली। लगभग 3 घंटों तक चले चुनावी मंथन के बाद अभेद रणनीति तैयार की गई।



मीडिया से बातचीत करते हुए नायब सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आज दो अहम बैठकें हुई हैं। पहली बैठक कलस्टरों के इंचार्जों के साथ हुई है तथा दूसरी बैठक लोकसभा के संयोजकों व प्रभारियों के साथ हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में चुनाव 2024 के प्रबंधन को लेकर चर्चा हुई और जरूरी दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को लोकसभाओं के कार्यालयों का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब इन लोकसभा कार्यालयों का शुभारंभ करेंगे। कुरूक्षेत्र में वे खुद भी कार्यालय का शुभारंभ करेंगे। सभी 10 की दस लोकसभाओं में चुनाव कार्यालय खोले जाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्री सैनी ने बताया कि "गांव चलो अभियान" के तहत भाजपा के कार्यकर्ता 24 घंटों के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान कार्यकर्ता मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में गांवों में जबरदस्त विकास कार्य हुए हैं और गांवों की तस्वीर बदली है। प्रवास के दौरान कार्यकर्ता लाभार्थियों से संपर्क करेंगे।

श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य है कि देश का कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से छूटना नहीं चाहिए। इसी विजन को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की। इस संकल्प यात्रा के जरिए पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर उनका लाभ दिलाया गया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में हरियाणा की अहम भूमिका रहेगी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा अपने गांव में पैतृक घर को ई-लाईब्रेरी के लिए दान करने पर पूछे गए सवाल पर नायब सैनी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया और धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पैतृक घर को बच्चों के भविष्य के लिए दान किया है इससे युवाओं को काफी लाभ मिलेगा। बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ेंगे और उनका भविष्य बनेगा। श्री सैनी ने बताया कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री अपनी एक एकड़ जमीन समाजहित में दान कर चुके हैं।

**कांग्रेस के समय तय होते थे नौकरियों के रेटः नायब सैनी**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि 2014 से पहले की कांग्रेस सरकार में नौकरियों के रेट तय होते थे। पूर्व सीएम हुड्डा के हरियाणा नंबर-1 के बयान पर पूछे गए सवाल पर श्री सैनी ने कहा कि श्री हुड्डा के शासनकाल के दौरान हरियाणा किसानों को दो रुपये के चेक देने में नंबर-1 था। प्रदेश में विकास के नाम पर भेदभाव करने में भी नंबर-1 था। कांग्रेस के शासनकाल में जो दलितों पर अत्याचार हुए उसमें भी हरियाणा नंबर-1 था।

श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस के नेता वोटों के लिए झूठ बोलते आए हैं। पूर्व सीएम हुड्डा बोलते थे 24 घंटे बिजली देंगे, लेकिन उनके शासनकाल में 4 से 5 घंटे ही बिजली मिलती थी। उन्होंने कहा कि अब जनता कांग्रेस को समझ चुकी है। जनता को पता है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में नंबर-1 है। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार किसान हितैषी सरकार है। मोदी सरकार की योजनाओं से किसान समृद्ध हो रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में हर वर्ग खुशहाल है। प्रदेश में 24 घंटे बिजली मनोहर सरकार ने दी है। इस मौके पर प्रमुख प्रवक्ता जवाहर यादव, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख शमशेर सिंह खरक, सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी, प्रवक्ता वंदना पोपली, प्रवक्ता विरेन्द्र चौहान आदि भी मौजूद रहे।

## कोर्ट ने नाम बदलने का दिया आदेश

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** जिला न्यायालय ने सरकार सरकार के खिलाफ एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। एडवोकेट कैलाश चन्द ने बताया कि जिला रेवाड़ी निवासी पूनम देवी, पत्नी चंद्रभान ने वर्ष 2018 में नवजात बच्चे शिवा को सुमन देवी पत्नी नाहर सिंह निवासी गाँव दुलोठ जिला महेन्द्रगढ़ से दत्तक पुत्र के रूप में लिया था। दत्तक लिये पुत्र का तहसील रेवाड़ी में नियमानुसार रजिस्ट्रेशन भी करवाया गया, जिसके बाद नाबालिक शिवा के जन्म प्रमाण पत्र में माता- पिता के नाम के स्थान पर दत्तक ग्रहण करने वाले माता -पिता का नाम अंकित करवाने के लिये पूनम देवी जन्म म्रत्यु प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार कार्यालय में चक्कर लगाती रही परन्तु कार्यालय ने पीड़ित की समस्या का समाधान नही किया, जिसके बाद पीड़ित दंपति कैलाश चंद एड्वोकेट के पास पहुचे, जिस पर अधिवक्ता ने पीड़िता की समस्या को देखते हुए वर्ष 2021 में रेवाड़ी कोर्ट में वाद दायर कर दिया। माननीय न्यायालय पीयूष शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। न्यायालय ने जन्म प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार को कोर्ट में हाजिर होने के लिये आदेश पारित किया ओर केस की सुनवाई सुरु की। जिसके उपरांत 22 जनवरी 2024 को न्यायधीश पिशुष शर्मा ने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार को आदेश दिया कि नाबालिक शिवा के जन्म प्रमाण पत्र में दत्तक ग्रहण माता -पिता के नाम के कॉलम में पूनम देवी - चंदरभान अंकित करे। न्यायालय के आदेश की कॉपी कैलाश चंद एड्वोकेट ने पीड़िता को सुपुर्द की तो पीड़िता ने न्यायालय ओर अधिवक्ता कैलाश चंद का आभार प्रकट किया।

## एडवोकेट कमल निम्बल बने अनुशासनात्मक कमेटी व विजिलेंस कमेटी के को-ओपटिड सदस्य

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के अधिवक्ता एडवोकेट कमल निम्बल को बार काउंसिल ऑफ पंजाब एण्ड हरियाणा, चण्डीगढ के चैयरमेन अशोक सिंगला ने बार काउंसिल के को-चैयरमेन प्रवेश यादव के अनुमोदन पर अनुशासनात्मक कमेटी व विजिलेंस कमेटी के को-ओपटिड सदस्य के रूप में मनोनित किया है। एडवोकेट कमल निम्बल ने अपनी इस नियुक्ति पर बार काउंसिल ऑफ पंजाब एण्ड हरियाणा, चण्डीगण्ढ के चैयरमेन अशोक सिंगला, को-चैयरमेन प्रवेश यादव व रेवाड़ी बार के पूर्व प्रधान रविन्द्र यादव का धन्यवाद किया है। उन्होने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वे उस पर खरा उतरेंगे। वहीं रेवाड़ी जिला के अधिवक्ताओं ने भी उनकी इस नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी है।

## राम मंदिर अयोध्या धाम दर्शन के दिवाने आस्था में हुए रवाना



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा के रास्ते चलाई गई भगत की कोठी से अयोध्या धाम तक स्पेशल आस्था एक्सप्रेस ट्रेन में रविवार की रात रेवाड़ी जंक्शन से 350 यात्री अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करने के लिए रवाना हुए। रेलवे विभाग की तरफ से श्री राम लला के दर्शनों के लिए ये स्पेशल ट्रेन चलाई गई है। अयोध्या के लिए ट्रेन जाने से पहले राम भक्तों के लिए स्टेशन पर रेलवे विभाग की तरफ से उनके बैठने से लेकर चाय-पानी की विशेष व्यवस्था की गई। सभी यात्रियों को विभाग की तरफ से पंडित दलीप शास्त्री द्वारा टीका लगाकर स्वागत किया गया। जिसकी श्रद्धालुओं ने प्रशंसा की। स्टेशन पर यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए रेलवे मुख्य वाणिज्य निरीक्षक राजकुमार शर्मा, स्टेशन अधीक्षक सीपी यादव, सीटीआई मनोज सोनी, राजेंद्र कुमार यादव, सीआरएस पूरन चंद, आरपीएफ एस आई अशोक कुमार, जीआरपी महिला एएसआई उर्मिला, आरपीएफ मित्र व जीआरपी रेलवार्डन रमेश वशिष्ठ व्यवस्था बनाए रखने में उपस्थित रहे। जाने वाले श्रद्धालुओं में राजस्थान के बहरोड़, नीमकाथाना, कोटपूतली से पुरूष और महिलाओं के अलावा छोटे बच्चे रात 9बजे से ही रेवाड़ी स्टेशन पर पहुंचने शुरू गए थे। रात 12 बजकर 15 मिनट से पहले ही ट्रेन रेवाड़ी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर-6 पर पहुंच गई थी और निर्धारित स्टोपिज के बाद ट्रेन 12:20 पर अयोध्या के लिए रवाना हो गई। रेवाड़ी जंक्शन पर ट्रेन आने से पहले तक जय श्री राम के नारे गुंजते रहे। ट्रेन जैसे ही जंक्शन पर पहुंची तो अन्य यात्रियों का भी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया रेवाड़ी स्टेशन जय श्रीराम के जयघोष के उदघोष से गूंज उठा। जानकारी के अनुसार स्पेशल आस्था एक्सप्रेस श्रद्धालुओं को अयोध्या के दर्शन कराने के बाद वापस 1 फरवरी को रेवाड़ी जंक्शन पर पहुंचेगी।

## ट्रैफिक पुलिस ने बावल औद्योगिक क्षेत्र में चलाया यातायात जागरूकता अभियान



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी दीपक सहारन के दिशा निर्देश पर व उप पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत एसआई रामनिवास की अगुवाई में सोमवार को बनीपुर चौक के पास बावल औद्योगिक क्षेत्र में वाहन चालको व आमजन को ट्रैफिक नियमें के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। ट्रैफिक पुलिस ने अभियान के दौरान उपस्थित लोगों को यातायात नियमें के प्रति जागरूक करते हुए, यातायात नियमों, संकेतो, चिन्हों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर दोपहिया वाहन चालते समय में हमेशा हेलमेट धारण करने, तीन सवारी नहीं बैठाने, रैश ड्राइविंग नहीं करने, चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, ओवर स्पीड/ओवर सवारी नही बैठाने और शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के बारे में जागरूक किया गया, साथ ही सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की हर संभव सहायता करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर डायल 112, व साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई। इस जागरूकता अभियान के दौरान रेवाड़ी ट्रैफिक पुलिस द्वारा सभी मौजूद चालकों को नशा मुक्ति व खेलों में भागीदारी बारे भी जागरुक किया गया। रेवाड़ी ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस प्रकार के जागरूकता अभियान समय समय पर चलाकर सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# जज अक्षय सिंगला ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया

**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा जिला गुरुग्राम में नवनियुक्त जज अक्षय सिंगला ने सर्विस ट्रेनिंग के दौरान दौरा किया।

इस दौरान श्रीमान अक्षय सिंगला जी ने विद्यालय में कंप्यूटर लैब,साइंस लैब, भाषा लैब, पुस्तकालय आदि का दौरा किया। इसके साथ ही श्रीमान अक्षय सिंगला जी ने विद्यालय प्रांगण में चल रहे परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया तथा छात्राओं को जीवन में सफल होने के टिप्स बताएं तथा अपने जीवन का अनुभव बताया। विद्यालय के स्काउट एंड गाइड की छात्राओं एनएसएस की छात्राओं ने सर को सलामी दी। विद्यालय प्रांगण में पधारने पर प्रधानाचार्य श्री सुशील कुमार कणवा जी ने जज अक्षय सिंगला जी का स्वागत किया।



इस दौरान विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमान रामकिशन वत्स जी, डॉ ओमवीर यादव जी, श्रीमान हरेंद्र जी, डॉ प्रीति अग्रवाल, डिम्पल कपूर, प्रीति मैडम, रिमी मैडम तथा अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 को टक्कर देगी सिंघम 3

**सिटी 24 न्यूज/भावना कौशिश**

अल्लू अर्जुन : कमाई के लिहाज से बॉक्स ऑफिस पर पिछले साल बॉलीवुड का खूब भौकाल रहा। बॉलीवुड की कई फिल्में इस तरह हिट हुईं कि इनके सामने साउथ की फिल्में कुछ खास कमाल कर नहीं पाईं। प्रभास की सलार और रजनीकांत की जेलर जैली कुछ फिल्मों को छोड़ दें तो साउथ की लगभग कई बड़ी फिल्में कमाल नहीं दिखा पाईं। अब इस लंबे गैप के बाद एक बार फिर से पुष्पा का अगला वर्जन पुष्पा 2 लेकर तूफान मचाने आ रहे हैं अल्लू अर्जुन। अल्लू की इस फिल्म का पोस्टर सामने आ चुका है और इसी के साथ बॉक्स ऑफिस की दहाड़ अभी से सुनाई देने लगी है। हालांकि, इस फिल्म पुष्पा 2 के साथ बॉलीवुड की भी एक धाकड़ फिल्म इसे टक्कर देने की पूरी तैयारी में है।




अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2: द रूल साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। अल्लू की ये फिल्म 15 अगस्त, 2024 को रिलीज होने वाली है। फिल्म मेकर ने आज सोमवार को डिजिटल प्लैटफॉर्म पर फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए सिनेमा की रिलीज डेट से पर्दा उठाया़ है। इस पोस्टर में अल्लू का और भी खूंखार अंदाज दिख रहा है।

**रिलीज में बचे हैं मात्र 200 दिन**

फिल्म के पोस्टर पर 200 डेज टू गो लिखा नजर आ रहा है यानी इसकी रिलीज में अब सिर्फ 200 दिन बचे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की मेकिंग का काम जोरों पर है और मेकर्स इसे साल 2014 की सबसे बड़ी हिट बनाने की पूरी तैयारी में जुटे हैं। इस फिल्म को लेकर उम्मीद पहले से ही काफी जबरदस्त है और दर्शकों के बीच पुष्पा के बाद से ही इसकी चर्चा हो रही है। साल 2021 में पुष्पा: द राइज की रेकॉर्ड तोड़ सफलता के बाद, नैशनल अवॉर्ड विनर अल्लू अर्जुन मास्टर फिल्ममेकर सुकुमार की निर्देशित इस सीक्वल को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। इस सीक्वल फिल्म में रशमिका मंदाना और फहद फासिल भी होंगे।

**रोहित शेट्टी की सिंघम 3**

वहीं यहां आपको ये भी बता दें कि ठीक इसी दिन रोहित शेट्टी की सिंघम फ्रेंचाइजी फिल्म सिंघम 3 रिलीज हो रही है। सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त सिंघम अगेन अपने एलान के बाद से ही जबरदस्त सिर्खियां बटोर रही है। इस फिल्म में अजय देवगन के अलावा अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर और विक्की कौशल के नाम की भी चर्चा है। अब देखना ये है कि बॉलीवुड के भारी भरकम इन सितारों की अल्लू अर्जुन से होनेवाली इस टक्कर में जीत किसकी होती है।

# अभिषेक ने बताया क्यों नहीं जीत पाए बिग बॉस 17

**सिटी 24 न्यूज/भावना कौशिश**

अभिषेक कुमार बिग बॉस सीजन 17 के पहले रनर-अप बने। जहां कई लोग उनका सपोर्ट कर रहे थे, वहीं कुछ को लगा कि उन्हें टॉप 2 में भी नहीं होना चाहिए था, खासकर थप्पड़ की घटना के कारण। लेकिन अभिषेक ने अच्छा खेल खेला और पिछले कुछ हफ्तों में काफी फेमस हो गए और उन्हें विनर भी माना गया। एक चीज़ जो लगातार उनकी जर्नी का हिस्सा रही, वह ईशा मालवीय के साथ उनका पुराना रिश्ता था। इन सबसे परे, अभिषेक ने शो के खत्म के तुरंत बाद नवभारत टाइम्स के साथ खास बातचीत की और अपनी जर्नी के बारे में बताया। जब अभिषेक कुमार से पूछा गया कि मुनव्वर उनके बगल में खड़े थे और वो टॉप 2 में थे। तो उस वक्त उन्हें कैसा महसूस हो रहा था। इस पर अभिषेक ने कहा- मैं तो जीतना चाहता था। लेकिन मुनव्वर जीत गया तो कोई बात नहीं। मैं तो पहले दिन से ही जीतने के लिए ही आया था लेकिन वो जीत गया तो भी कोई बात नहीं। अभी मुझे जो लोग बोल रहे हैं कि तू डिजर्विंग विनर था तो ये सुनकर ही बहुत अच्छा लग रहा है।



जब उनसे पूछा गया कि पूरी जर्नी में आपसे कोई चूक हो गई, जिस वजह से आप जीत नहीं पाए तो वो क्या चीज होगी। इस पर अभिषेक ने कहा- मुझे लगता है कि जो समर्थ को थप्पड़ मार दिया था मैंने, वो नहीं होना चाहिए था। वो हो गई मुझसे। फिर ये पूछने पर कि क्या कभी भी उन्हें ऐसा लगा कि बिग बॉस में आना गलत डिसीजन था, तो उन्होंने साफ इनकार करते हुए कहा- बिल्कुल नहीं। एक बार भी ये नहीं लगा कि मुझे बाहर जाना है। मैंने सोचा कि जो होना है होने दो, सोचने दो जो जिसको सोचना है।

अभिषेक के स्टेज पर आते ही उनके माता-पिता इमोशनल हो गए थे लेकिन अभिषेक के चेहरे पर मुस्कान थी। इस पर अभिषेक ने कहा- मैं उनको बोल रहा था कि खुश क्यों नहीं हो रहे हो। जो जो भगवान दे रहे हैं। वो सब सोचके खुश रहो ना। सैटिस्फाई होना चाहिए। उनसे जब पूछा गया कि वो सबसे पहले घर जाकर क्या करने वाले हैं। तो अभिषेक ने बताया कि, अभी मैं सबसे पहले जाकर अपनी दीदी से मिलने वाला हूं, उसके बाद ही सोचूंगा कि क्या करना है।

**अभिषेक की बिग बॉस 17 की जर्नी**

अभिषेक की बिग बॉस 17 की जर्नी शुरू से ही उतार-चढ़ाव से भरी रही है। वो शो में फूट-फूटकर रोए भी हैं। एक वक्त तो ऐसा भी आया, जब पूरा घर अभिषेक के खिलाफ हो गया लेकिन मुनव्वर से उनकी दोस्ती भी देखने लायक थी। यही कारण है कि अभिषेक अब भी मुनव्वर के लिए ये महसूस कर रहे हैं कि उनका ट्रॉफी जीतना उन्हें बुरा नहीं लग रहा है बल्कि खुशी दे रहा है।

# नोएडा फिल्म सिटी को बनाने की दौड़ में अक्षय कुमार भी शामिल

**सिटी 24 न्यूज/भावना कौशिश**

नोएडा एयरपोर्ट के पास नोएडा फिल्म सिटी उत्तर प्रदेश के महत्वकांक्षी प्रॉजेक्ट्स में से एक है। इस प्रॉजेक्ट के लिए कुछ कंपनियों ने बिडिंग भी की थी। अब इंटरनैशनल फिल्म सिटी बनाने के लिए इनमें से चार कंपनियों ने फाइनेंशियल इवैल्युएश का आखिरी राउंड क्वॉलिफाई कर लिया है। इनमें से एक अक्षय कुमार की भी कंपनी शामिल है है। इसके अलावा इस टी-सीरीज और बोनी कपूर की कंपनी (Bayview Projects LLP) के अलावा केसी बोकाडिया ( Lions Films Private Limited ) की भी कंपनियां शामिल हैं।

सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (टी-सीरीज़), सुपरसोनिक टेक्नोबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड (मैडॉक फिल्म्स, केप ऑफ गुड फिल्म्स एलएलपी, और अन्य), बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी (बोनी कपूर और अन्य द्वारा समर्थित) और 4 लायंस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड (फिल्म निर्माता द्वारा समर्थित) के सी बोकाडिया और अन्य) ने फिल्म सिटी के इस रेस में शामिल इन कंपनियों ने शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के सामने इस ग्रीनफील्ड प्रॉजेक्ट के लिए प्रजेंटेशन दिया। अब ये सभी कंपनियां फिल्म सिटी के डेवलपमेंट को लेकर आगे का काम संभालेगी।

मिली जानकारी के मुताबिक, इस प्रेजेंटेशन में अक्षय कुमार वर्चुअल मौजूद थे जबकि बेव्यू प्रोजेक्ट्स की तरफ से बोनी कपूर और अन्य ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी ऑफिस में खुद मौजूद थे।

**फाइनेंशियल बोली 30 जनवरी को दोपहर में लगेगी**

बताया जा रहा है कि चारों बिडर्स ने टेक्निकल ग्राउंड पर क्वालीफाई कर लिया है और इंटरनेशनल फिल्म सिटी डेवलपर के लिए फाइनेंशियल बोली 30 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे खोली जाएगी।

बता दें कि उत्तर प्रदेश का ये प्रॉजेक्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पसंदीदा प्रोजेक्ट में से एक है जिसे नोएडा के पास यमुना एक्सप्रेसवे के साथ 1000 एकड़ जमीन पर बनाया जाना है। यूपी का



ये भव्य प्रॉजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी के सेक्टर 21 में मौजूद है। इस प्रॉजेक्ट के लिए 30 सितंबर 2023 को बोली लगाई गई थी और अंतिम तिथि 5 जनवरी, 2024 थी।

## सरकार की पिछड़ा वर्ग योजनाओं का लाभ उठाएं प्रजापति समाज: ईश्वर सिंह




**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा माटी कला बोर्ड चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवाल का रेवाड़ी पहुंचने पर प्रजापति धर्मशाला कुतुबपुर में प्रजापत समाज द्वारा अभिनंदन किया गया। समाज व चेयरमैन ने महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर फूल माला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र सिंह आचार वाले ने की। विशेष अतिथि सुरेश कुमार करगवाल प्रमुख समाजसेवी व उद्योगपति गुरुग्राम, रोशन लाल प्रधान प्रजापति कुम्हार सभा रेवाड़ी, चौधरी दौलत राम 360 के प्रधान व ओमप्रकाश मैनेजर ने सभी अतिथियों को फूलमालाएं पहनाई व पगड़ी बांधकर स्वागत किया। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ईश्वर सिंह मालीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा सरकार पिछड़े वर्ग के लिए काफी योजनाएं चला रही है जिनका लाभ पिछड़ी पंक्ति में बैठे हुए हर व्यक्ति को मिलना चाहिए। योजनाओं के बारे में बताते हुए अध्यक्ष ने बताया कि मिट्टी का कार्य करना पुण्य का काम है, इससे मन और शरीर प्रसन्न रहता है। हरियाणा सरकार ने माटी कला बोर्ड का एक ऐप भी लॉन्च किया हुआ है, इसमें समाज के व्यक्ति सरकार द्वारा चलाई गई योजना का पंजीकृत करवाकर लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने शिक्षा पर भी विशेष बल दिया। कारीगर होने के साथ-साथ शिक्षा का बढ़ावा दिया जाए, जिससे समाज के बच्चे आगे बढ़ पाए। वीर सिंह प्रधान, रोशन प्रधान व संजय प्रधान ने अपने संबोधन में समाज द्वारा किए हुए कार्यों पर प्रकाश डाला और आगे के नीतियो पर चर्चा की। नागरिक अभिनंदन में अध्यक्ष माटी कला बोर्ड काफी खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि मैं सदैव समाज के कार्य करने के लिए तैयार हूं चाहे मुझे इसके लिए हरियाणा सरकार से बात करनी पड़े। खास तौर पर महिलाओं की उपस्थिति को देखते हुए अध्यक्ष काफी खुश नजर आए और उन्होंने बताया कि आज किसी भी समाज की महिलाएं कार्य करने में पीछे नहीं है आए हुए। सभी मेहमानों का संजय प्रधान, रमेश खजांची, रमेश प्रधान, थाना राम, कृष्ण कुमार, हरिकिशन आदि ने धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में समाज के सभी लोगों से आग्रह किया समाज हित के लिए कार्य करे।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की एक सैनिक की सराहना



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** डॉ0 टी सी राव ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को अपनी पुस्तक, आत्मकथा बंकर से बिलेनियर भेंट किया। उन्होंने बडे सहज स्वभाव से पुस्तक को स्वीकारा और कुछ पन्नों को पलटा और डॉ0 टी सी राव के तरफ देखते हुए उन्होंने बहुत सराहना की और कहा कि एक पूर्व सैनिक कहां से कहां तरक्की कर सकता है। उसके साथ ही डॉ0 राव ने उनको उनकी पुस्तक विजय मंत्र भी भेंट की, जिसे उन्होंने बड़े ध्यान से पन्नों को पल्टा और उनको पढ़ कर के उन्होंने इसको परिवारिक गीता की संज्ञा दी। उन्होंने कहा यह पुस्तक तो ग्रामीण भारत के परिवारों के लिए एक गीता की तरह है। यह विजय मंत्र नहीं यह जीवन मंत्र है। काफी देर तक अन्य विषयों पर भी बातचीत की, खासकर देश में एक साथ चुनाव करवाने पर। डॉ0 टी सी राव के साथ भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष, श्याम जाजू भी थे। श्री श्याम जाजू ने भी पूर्व महामहिम का धन्यवाद किया। उन्होंने भी बताया कि डॉ0 टी सी राव के परिवार से 200 सालों से अधिक समय से पॉच पीढ़ियों ने सेनाओं में कार्यरत रहकर देश की सेवा की है। यह एक अनोखा परिवार है जिनके खून में समर्पण है और देश की रक्षा की भावना है। अभी डॉ0 टी सी राव व्यवसाय में, समाज सेवा में और भाजपा पार्टी की गतिविधियों में काफी बढचढ कर हिस्सा ले रहे हैं और गरीबों की मदद कर रहे हैं व काफी सेवा कर रहे हैं।

## रेवाडी पुलिस ने क्रेन ऑपरेटर की हत्या का मात्र 24 घंटे में किया खुलासा

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा निर्देश पर व उप पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए अपराध शाखा-II धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक सतेन्द्र कुमार की टीम ने क्रेन ऑपरेटर की हत्या के मामले में आरोपी सहकर्मी को गिरफ्तार किया है। जाँचकर्ता ने बताया की दिनांक 27 जनवरी 24 को सुचना मिली की गांव गुर्जर घटाल की कर्ण कुंज कॉलोनी के पास खेतों में एक युवक मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसके सर व चेहरे पर पत्थर से चोट मारी हुई है। सूचना पाकर थाना सेक्टर-6, धारूहेड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, जहां पर एक अज्ञात युवक मृत अवस्था में मिला तथा मौके पर एक टुटा हुआ मोबाइल फोन भी मिला। जो पुलिस द्वारा घटनास्थल पर सीन-ऑफ-क्राइम, एफ.एस.एल. व फिन्गरप्रिंट की टीमों को बुलवाकर निरिक्षण कराया गया तथा मृतक की पहचान का प्रयास किया गया तो मृतक यूपी के जिला आजमगढ़ के गांव मेहमौनी हाल किरायेदार कर्ण कुंज कॉलोनी निवासी अमित पुत्र सुजीत चौहान के रूप में हुई। मृतक राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी की उत्तम स्ट्रिप कंपनी में बतौर क्रेन ऑपरेटर काम करता था। जिस पर पुलिस ने थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा में हत्या का मामला दर्ज कर जाँच शुरू की थी।

# थलापति विजय संग अनबन की खबरों पर रजनीकांत ने तोड़ी चुप्पी

**सिटी 24 न्यूज/भावना कौशिश**

रजनीकांत ने एक स्पीच में कुछ ऐसा कह दिया था, जिसके बाद फैंस ये कयास लगाने लगे कि उन्होंने थलापति विजय पर निशाना साधा है। इसके बाद दोनों के फैंस आपस में ही भिड़ गए। अब रजनीकांत ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है

साउथ के दो सुपरस्टार्स के बीच मनमुटाव है? इन सुपरस्टार्स का नाम है थलाइवा रजनीकांत और थलापति विजय! अगर आप भी ऐसा सोच रहे हैं तो आप गलती कर रहे हैं। अभी तक ऐसी खबरें सामने आ रही थीं कि दोनों के बीच अनबन है। ऐसा क्यों है और इस अफवाह के पीछे सच्चाई क्या है, आइये सब कुछ जानते हैं।

ये मामला पिछले साल जुलाई महीने का है। जेलर फिल्म के ऑडियो लॉन्च इवेंट में Rajinikanth ने एक स्पीच दी थी, जिसके बाद रजनीकांत और थलापति विजय के फैंस भिड़ गए थे।



रजनीकांत ने उस इवेंट में एक कहानी सुनाई, जिसमें एक कौवे, पक्षी और बाज का जिक्र किया। कहा कि कौवा बाकी पक्षियों को गिराने की कोशिश करता है, लेकिन कभी भी खुद से ऊंचे उड़ने वाले बाज तक नहीं पहुंच पाता है। बस! फैंस ने ऐसा अनुमान लगाया कि रजनीकांत ने थलापति विजय पर निशाना साधा है।

रजनीकांत ने सफाई में क्या कहा?

इस मामले को लेकर रजनीकांत ने कहा कि विजय उनकी आंखों के सामने ही बड़े हुए हैं। उनकी कौवे और बाज वाली कहानी को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से पेश किया गया। ये अफवाह फैला दी कि ये विजय के खिलाफ बोला गया है। ये बहुत ही गलत और निराशाजनक है।

रजनीकांत ने एक और किस्सा शेयर किया, जब धर्माथिन थलाइवन मूवी की शूटिंग विजय के घर पर हुई थी, उस वक्त वो सिर्फ 13 साल के थे और शूटिंग के दौरान वो ऊपर से रजनीकांत को देख रहे थे। विजय के पिता एसए चन्द्रशेखर ने बाद में उन्हें रजनीकांत से मिलवाया। विजय की भी एक्टिंग में दिलचस्पी थी। इसलिए उनके पिता ने रजनीकांत से कहा कि वो उनके बेटे को पढ़ाई पर ध्यान देने की सलाह दें। फिर उन्होंने विजय को स्कूल की पढ़ाई कंप्लीट करने की सलाह दी थी।

रजनीकांत ने फैंस से की ये गुजारिश

रजनीकांत ने फैंस से गुजारिश की है कि वो उन दोनों की तुलना ना करें। उन्होंने कहा कि विजय ने खूब मेहनत की है और तब ये मुकाम हासिल किया है। वो आगे राजनीति में भी आ रहे हैं, लेकिन वो उनके बीच किसी भी तरह का कॉमपिटिशन नहीं है।

# प्रदेश स्तर पर कराए गए क्विज कंपटीशन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर छात्र–छात्राओं को दी गई साइकिल



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** एडवांस एजुकेशन इंसटिट्यूट मेंस्टरलिंग गलोबल यूनिवर्सिटी द्वारा प्रदेश स्तर पर कराए गए क्विज कंपटीशन में होडल के सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र रघुवीर और छात्रा खुशी रानी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया जिसको लेकर स्कूल की तरफ से छात्र छात्रा को सम्मानित किया गया और दोनो को साइकिलों का पुरुष्कार दिया गया। होडल के राष्ट्रीय राजमार्ग गांव मीत्रोल के समीप एडवांस ऐजूकेशनल इंस्टीटयूट में ओम स्टरलिंग गलोबल यूनिवर्सिटी द्वारा कराए गए प्रदेश स्तरीय इस्टेट लेवल क्विज कम्पटीशन में सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा खुशी रानी पुत्री चंदरपाल व छात्र रघुवीर पुत्र देवीसिंह ने द्वितिय स्थान प्राप्त किया है। आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश के कई स्कूलों के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया था। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विद्यालय चेयरमैन हेतराम चौधरी ने की। इस अवसर पर हेतराम चौधरी, प्राचार्य सुषमासिंह, निरंजन सिंह, विशनसिंह, अविनाश, पोहपसिंह, खिलाडी, पवन कुमार, ऋतू आदि द्वारा पुष्प गुच्छ व मिठाई खिलाकर दोनों विजेजा छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय चेयरमेन हेतराम चौधरी ने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के दोनों छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया और द्वितिय स्थान प्राप्त कर जिले व उप मंडल में विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता दोनों छात्रों को जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल द्वारा साईकिल देकर सम्मानित किया गया है। छात्रों की सफलता पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में हेतराम चौधरी व अन्य शिक्षकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

# सत्ता में कम हिस्सेदारी के बावजूद अपने किए वायदों को पूरा कर रही है पार्टी: डा. अजय चौटाला

## गांव डकोरा में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं




**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** जननायक जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत होडल विधानसभा क्षेत्र के गांव डकोरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जियमें जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। एससी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं जजपा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी हर्ष कुमार ने की।

इस अवसर पर डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि घोषणा पत्र में किए गए वायदों को जजपा पार्टी सत्ता में बहुत कम भागीदारी होने के बावजूद पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर वार करते हुए कहा उनका इंडिया गठबंधन भी धीरे–धीरे समाप्ति के कगार पर है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार ने गांव में व्याप्त की समस्याओं से डा. अजय चौटाला को अवगत कराया और जजपा की कल्याणकारी नीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में जजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सौरोत ने बताया कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अपने सूझबूझ से सत्ता में कम भागीदारी होने के बावजूद अपने द्वारा किए गए वायदों को पूरा करने के लिए प्रयास करते हैं। वह चाहे स्थानीय निकाय चुनाव में महिलाओं को उनका हक दिलाने का मामला हो या डिपो होल्डरों में महिलाओं की हक की बात हो। वह हर संभव प्रयास करते हैं। कार्यक्रम में पहुंचने पर दर्जनों कार्यकर्ताओं ने डा. अजय चौटाला का पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सौरोत, हथीन हल्का प्रधान सुखराम डागर, जिला प्रवक्ता प्रवीण डूडी, विजय दीघौट, विशाल, रोहित शर्मा, विशराम, गिर्राज, लखन, मेगश्याम, लखमी, लटूर फौजी, विजेंद्र फौजी, कन्हैया, शिवराम सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सर्व सम्मति से मुख्य शिक्षक वेदराम को जेबीटी शिक्षक संघ के जिला प्रधान नियुक्त




**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** होडल के राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ (421) द्वारा कस्वा हसनपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारिणी का गठन करने के लिए चुनाव भी कराया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय राजकीय प्राथमिक शिक्ष संघ व राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद ठाकरान ने की तथा शिक्षक बलविंद्र सिह पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक वेदराम को सर्व सम्मति से संघ का जिला प्रधान तथा प्रहलाद व सरफुद्दीन को जिला महासचिव चुना गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश उप प्रधान मनोज कुमार ने सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या बढाने ओर शिक्षा में गुणवत्ता को सुधारने पर बल दिया। नवनियुक्त जिला प्रधान वेदराम ने शिक्षकों की लमबित पडी एसीपी,जेबीटी व सीएंडवी के मामले को जल्दी निपटाने की मांगों को उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर निपटाने का आश्वासन दिया। बैठक में हसनपुर खंड प्रधान राहुल शर्मा, होडल खंड प्रधान अनिल बौद्ध, हथीन खंड प्रधान असगर हुसैन व पलवल खंड प्रधान धर्मलाल के अलावा अजय तिवारी, कन्हैयालाल, कैलाश शर्मा, यादराम, नकुल सिंह, विनोद कुमार, सविता कुमारी, लखनपाल गोयल, अनिल, सुभाषचन्द, टीकाराम, डालचन्द, मोहरसिंह, साहुन खान, राकेश, राजवीर, जितेंद्र कशाना, परमेंद्र सहित दर्जनों जेबीटी शिक्षका मौजूद रहे। बैठक में नवनियुक्त कार्यकारिणी का शिक्षकों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

# क्षेत्र में डेढ करोड रूपए की लागत से विकास कार्यों का विधायक ने किया शिलान्यास



**दाड़ी वाली पोखर के पानी को छोडा जाएगा डाडका माईनर में, किसान को मिलेगा लाभ**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** होडल शहर के रामनगर स्थित दाड़ी वाली पोखर में भरे पानी को डाडका माइनर तक पहुंचाकर अब पानी को सिचाई के प्रयोग में लिया जाएगा। जिसका हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमेन व भाजपा विधायक जगदीश नायर ने सोमवार को नारियल फोडकर विधिवत शिलान्यास किया। उक्त कार्य पर लगभग एक करोड रुपये की लागत आएगी। जोहड का पानी माइनर में पानी पहुंचने के बाद ग्रामीण किसानों को इसका लाभ मिलेगा। इसके अलावा विधायक नायर ने गांव भिडूकी में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाले फिरनी रास्ते का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक जगदीश नायर ने बताया कि होडल के रामनगर स्थित दाड़ी वाली पोखर में भरे पानी को अब मोटर और पाइप द्वारा डाडका माइनर में डाला जाएगा। उक्त पानी को किसान खेतों की सिंचाई और अन्य कामों में ले सकेंगे। नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे इस कार्य पर लगभग एक करोड रुपये खर्च किए जाएंगे। इस कार्य को चार महीने में पूरा किए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। नायर ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों से कहा कि उन्हें शहर में जहां भी विकास कार्य कराने हैं, वह उनकी सूची तैयार कर उन्हें सौंप दें। उक्त कार्यों को वह जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर पूरा कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि दाढ़ी पोखर वाले पानी को डाडका माइनर में डालने के बाद किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि गांव भिडूकी में फिरनी वाले रास्ते के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया है, जिस पर लगभग 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में क्षेत्र मे एक समान विकास कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्र में विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोडी जाएगी। इस अवसर पर ग्राम सरपंच शशीबाला, पूर्व सरपंच कुमरसिंह, बांके वशिष्ठ, बच्चूसिंह,चंदनसिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के विशेष अभियान में सीआईए होडल ने देसी कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत सीआईए होडल टीम ने अवैध हथियार देसी कट्टा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए सीआईए होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 29 जनवरी 2024 को उनकी टीम सीआईए में तैनात हेड कांस्टेबल रिंकू के नेतृत्व में गठित टीम ने विश्वसनीय सूत्र की सूचना के आधार पर थाना होडल अंतर्गत नई अनाज मंडी होडल में मोटरसाइकिल स्प्लेंडर सवार एक युवक को अवैध हथियार एक देसी कट्टा सहित धर दबोचने में सफलता हासिल की। आरोपी बरामद देशी कट्टा बारे कोई लाईसेन्स व परमिट पेश नहीं कर सका। प्रभारी सीआईए होडल ने बताया कि बरामद अवैध हथियार को कब्जे में लेकर संबंधित थाना होडल में आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है जिससे बरामद अवैध हथियार स्त्रोत्र बारे गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

# 31 जनवरी को भारत मुक्ति मोर्चा के आह्वान पर केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय नई दिल्ली का लाखों की संख्या में लोग ईवीएम के विरोध में घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** राष्ट्रीय अत्याचार निवारण बल के प्रदेश महासचिव देवी दयाल सैनी ने कहा कि 31 जनवरी को भारत मुक्ति मोर्चा के आह्वान पर केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय नई दिल्ली का लाखों की संख्या में लोग ईवीएम के विरोध में घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा और चुनाव आयोग से आगामी चुनावो को ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से भी कराने की मांग की जाएगी। साथ उन्होंने यह चेतावनी भी दी है कि केंद्रीय चुनाव आयोग समय रहते ईवीएम मशीन की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने का ऐलान करे अन्यथा चुनाव के समय देश की जनता ईवीएम से चुनाव नहीं होने देगी। ईवीएम मशीन और मतदान केंद्रों पर अगर उन्हें तोड़फोड़ करनी पड़ी। तो वह उससे भी पीछे नहीं हटेंगे। चाहे उसके लिए उन पर मुकदमे दर्ज या फिर उन्हें जेल ही क्यों ना जाना पड़े। जिला कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए देवी दयाल सैनी ने कहा कि ईवीएम मशीन के ऊपर से जनता का विश्वास खत्म होता जा रहा है। मशीन में वोटर के वोटो का सत्यापन करने का प्रावधान न होने की वजह से, पारदर्शिता न होने के कारण नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होने के साथ–साथ लोकतंत्र पर भी खतरा मंडरा रहा है। भारत मुक्ति मोर्चा के आह्वान पर ईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर लाओ और लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत गत 5 जनवरी को देशभर में 566 जिलों के जिला अधिकारियों को ज्ञापन सौंप गए थे। 10 जनवरी को जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। 14 जनवरी को जिला अधिकारी कार्यालय पर रैली प्रदर्शन किया गया और अब 31 जनवरी को केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय नई दिल्ली का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें लाखों की संख्या में लोग भाग लेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि केंद्रीय चुनाव आयोग समय रहते ईवीएम मशीन की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने का ऐलान करे अन्यथा चुनाव के समय देश की जनता ईवीएम से चुनाव नहीं होने देगी। ईवीएम मशीन और मतदान केंद्रों पर अगर उन्हें तोड़फोड़ करनी पड़ी। तो वह उससे भी पीछे नहीं हटेंगे। चाहे उसके लिए उन पर मुकदमे दर्ज या फिर उन्हें जेल ही क्यों ना जाना पड़े। उन्होंने कहा कि इस मुहिम में भारत मुक्ति मोर्चा का विभिन्न सामाजिक संगठन भी समर्थन कर रहे हैं।। हॉकर्स फेडरेशन के जिला अध्यक्ष खेमराज डागर ने कहा कि वह भारत मुक्ति मोर्चा की इस मुहिम का समर्थन करते हैं और केंद्रीय चुनाव आयोग से यह मांग करते हैं कि आगामी चुनाव ईवीएम मशीन से ना कराकर बैलेट पेपर से कराए जाएं। आम आदमी पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष मूलचंद बडगूजर ने कहा कि वह भारत मुक्ति मोर्चा के इस मुहिम का समर्थन करते हैं और वह भी चाहते हैं कि आगामी चुनाव बैलेट पेपर हो, जिससे कि चुनाव निष्पक्ष हो सके और चुनाव के दौरान किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो सके।

# आईटीआई पलवल में लगा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेला



**कुल 125 छात्रों ने करवाया अपना रजिस्ट्रेशन, कंपनियों ने 89 विद्यार्थियों को किया शॉर्ट लिस्ट**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** प्रशिक्षण एवं उद्यमशीलता निदेशालय (डीजीटी) भारत सरकार व कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के आदेश अनुसार हरियाणा राज्य की नोडल आईटीआई में छात्रों को अधिक से अधिक शिक्षुता एवं रोजगार दिलाने के लिए सोमवार 29 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले (पीएमएनएएम) का आयोजन आईटीआई पलवल में किया गया।इस राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले में फरीदाबाद व पलवल के औद्योगिक क्षेत्रों के विभिन्न उद्योगों ने भाग लिया, जिनमें मुख्यत: सुपर स्क्रूज प्राइवेट लिमिटेड मित्रोल, फ्लोवेल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड दीघोट, हरियाणा वायर्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला, ट्रीनिटी टच प्राइवेट लिमिटेड पृथला, फिनिक्स कॉन्टेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला, पाराशर हुंडई लिमिटेड पलवल, क्वेस कॉरपोरेशन गुरुग्राम, टोकाई इंपीरियल रबर प्राइवेट लिमिटेड पृथला, शिवानी लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला, मिताभी लैंप्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला, आकाश पैक टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड सीकरी, शुभम फ्लैक्सिबल प्राइवेट लिमिटेड बल्लभगढ़, एंड्रिट्ज हाइड्रो प्राइवेट लिमिटेड पृथला इत्यादि शामिल रहे।

आईटीआई पलवल के प्रधानाचार्य सह नोडल अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि इस शिक्षुता एवं रोजगार मेले में 125 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार लेकर 89 आईटीआई पास छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया और उन्हें उद्योगों में आने का समय दिया गया। इनमें से 2 छात्रों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिया गया।

**इन औद्योगिक ईकाइयों ने आईटीआई पासशुदा विद्यार्थियों को किया शॉर्टलिस्ट**

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले में विभिन्न उद्योगों ने विद्यार्थियों को शॉर्ट लिस्ट किया। इन उद्योगों में सुपर स्क्रूज प्राइवेट लिमिटेड मित्रोल ने 4, फ्लोवेल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड दीघोट ने 6, हरियाणा वायर्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 7, ट्रीनिटी टच प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 3, फिनिक्स कॉन्टेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 3, पाराशर हुंडई लिमिटेड ने 4, क्वेस कॉरपोरेशन गुरुग्राम ने 27, टोकाई इंपीरियल रबर प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 9, शिवानी लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 9, मिताभी लैंप्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 4, आकाश पैक टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड सीकरी ने 10, शुभम फ्लैक्सिबल प्राइवेट लिमिटेड बल्लभगढ़ ने 1, एंड्रिट्ज हाइड्रो प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 1 आईटीआई पासशुदा छात्र–छात्राओं को शॉर्टलिस्ट किया।

उन्होंने बताया कि सरकार एवं निदेशालय के आदेश अनुसार सोमवार को आईटीआई पलवल में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया और भविष्य में भी इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा आईटीआई पासशुदा छात्र–छात्राओं को रोजगार एवं शिक्षुता पर लगाया जा सके।

# पलवल में प्रॉपर्टी के लिए पति को दिया जहर: दिल्ली पुलिस कर्मी के साथ मिल रची साजिश; दोस्त ने अस्पताल पहुंचाया

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** पलवल में एक महिला पर गंभीर आरोप लगे हैं। महिला ने प्रॉपर्टी हथियाने के लिए अपने पति को जहर देकर मारने का प्रयास किया। उसने परिजनों व दिल्ली पुलिस के एक कर्मी के साथ मिलकर पति को वृंदावन ले जाकर मारने की साजिश रची। रास्ते में कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलकर पति को पिला दिया। पुलिस ने पत्नी समेत 4 पर केस दर्ज किया है। गदपुरी थाना प्रभारी राजवीर सिंह के अनुसार, नई दिल्ली के नगली सकरावती गांव निवासी संदीप ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2016 में प्रीति डबास के साथ हुई थी। शादी के बाद उसकी पत्नी प्रीति उसे और उसके परिवार पर उनकी प्रॉपर्टी अपने नाम करने का दबाव डालती रहती है।

ऐसा नहीं करने पर उसकी पत्नी उसके परिवार को झूठे मामले में फंसाने की धमकी देती और उन्हें प्रताड़ित करती। उसने बताया कि 11 नवंबर को उसकी पत्नी ने कृष्णा, सोनू और दिल्ली पुलिस में तैनात राजू नामक पुलिस के साथ मिलकर एक साजिश रची और उसे वृंदावन दर्शन करने को चलने के लिए कहा। पीडित उनके साथ चलने के लिए तैयार हो गया। जब वे नेशनल हाईवे–19 पर स्थित बघौला गांव के पास पहुंचे तो उसकी पत्नी प्रीति ने उनसे कोल्ड ड्रिंक की बोतल पीने के लिए दी, जिसे पीते ही वह बहोश होने लगा और उसके चक्कर आने लगे। उसे शक हुआ तो उसने पलवल के छपरोला गांव निवासी अपने दोस्त विजयपाल को फोन कर मामले की जानकारी दी। इसके बाद विजयपाल मौके पर पहुंच गया और उसे अपने साथ लेकर जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचा। बाद में उसे हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद उसे फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में दाखिल करा दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी पत्नी ने उक्त आरोपियों के साथ साजिश रचकर उसे कोल्ड ड्रिंक में जहर पिलाया है, क्योंकि उसकी पत्नी उसकी जमीन को हड़पना चाहती है।

# संपादकीय

## बदलेगी सियासत

बिहार की राजनीति में घटनाचक्र एक बार फिर तेजी से घूमा है। पिछले कई दिनों से मीडिया में सूत्रों के हवाले से चल रही खबरें और परदे के पीछे चल रही गतिविधियां रविवार को तब अंजाम तक पहुंचीं, जब महागठबंधन के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस्तीफा दिया और कुछ घंटों के अंदर NDA के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली।

**अपरिहार्य नेता:** नीतीश कुमार ने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। समकालीन राजनीति में उन्हें सबसे अपरिहार्य नेता इस अर्थ में कहा जा सकता है कि वे बार-बार सहयोगी दल अदलते-बदलते रहे हैं और फिर भी मुख्यमंत्री के तौर पर स्वीकार्य बने रहे हैं। अतीत में वह दो बार NDA को छोड़ चुके हैं, इसके बावजूद फिर इस बार BJP और NDA ने समर्थन देकर उनकी सरकार बनवा दी।

**सियासी समीकरण:** निश्चित रूप से इसके पीछे बिहार की मौजूदा राजनीतिक स्थितियों की भूमिका है। वहां तीन बड़ी पार्टियों के बीच वोट बैंकों का समीकरण कुछ ऐसा है कि कोई भी एक पार्टी अपने दम पर सरकार नहीं बना पा रही। BJP और RJD धुर विरोधी भूमिका में हैं, इसलिए एक-दूसरे से हाथ नहीं मिला सकतीं। ऐसे में JDU जिससे भी हाथ मिला ले, उसे सरकार में भागीदारी का मौका मिल जाता है। इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए JDU कभी BJP तो कभी RJD से हाथ मिला सरकार बनाती रही है।

**कितने दिनों का साथ:** दिलचस्प है कि JDU को विशिष्ट स्थिति प्रदान करने वाले इस समीकरण को बदलने के प्रयास भी अंदर ही अंदर चलते रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनावों में जब नीतीश कुमार NDA में थे, तब इस अलायंस के ही एक दल LJP ने उनके खिलाफ प्रत्याशी खड़े करके उनकी सीटों की संख्या कम करने में अहम भूमिका निभाई थी। माना जाता है कि LJP के चिराग पासवान को परदे के पीछे से BJP का समर्थन हासिल था। ऐसे में यह देखने वाली बात होगी कि इस बार NDA के अंदर इन सभी दलों में कैसा सामंजस्य रहता है।

**I.N.D.I.A. का असमंजस:** नीतीश कुमार के ताजा मूव ने प्रदेश में सरकार का स्वरूप तो बदला ही है, राष्ट्रीय राजनीति में भी उथल पुथल के आसार पैदा कर दिए हैं। विपक्षी दलों में एकजुटता लाने के जो प्रयास पिछले कई महीनों से चल रहे थे, उनके सूत्रधार नीतीश कुमार ही थे। अब अचानक उनका NDA में जाना I.N.D.I.A. के लिए ऐसा झटका है, जिससे उबरना उसके लिए आसान नहीं होगा। विश्वसनीयता का सवाल तो अपनी जगह है ही, तमाम घटक दलों में इस विपक्षी गठबंधन को बनाए रखने की इच्छा भी पहले जितनी बनी रहती है या नहीं यह देखने वाली बात होगी।

# डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन ने 4 फरवरी को आक्रोश रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

**हथीन।** डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं वीएसएफआई द्वारा आंदोलन के 593 वें दिन जिला कार्यकारिणी की मीटिंग के दौरान जिला के प्रधान हरि प्रेम सौरौत ने 4 फरवरी को रोहतक में होने वाली आक्रोश रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने के लिए साथियों से अपील की और जिला सचिव ओम प्रकाश डागर ने रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा की और साथियों को रैली के लिए जिम्मेदारियां नियुक्त की गई। सर्व कर्मचारी संघ के जिला उप प्रधान पवन रावत ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, पुरानी पेंशन बहाली, रेगुलराइजेशन की नीति बनवाने, विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने व विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को ठीक करवाने, कौशल रोजगार निगम की समाप्ति आदि 15 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर रोहतक में जोरदार रैली की जाएगी और तैयारी को लेकर 31 जनवरी तक पूरे प्रदेश में जतथे चलाए जाऐंगे और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की संघर्ष समिति द्वारा 16 फरवरी को राष्ट्रीय हड़ताल में भाग लेने का निर्णय लिया है उसमें भी भाग लेने अपील की द्य हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृत की गई मांगों को लेकर डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन हरियाणा 633 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा आज 593 वें दिन संघर्षरत है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। यदि सरकार नोटिफिकेशन जारी नहीं करती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और आक्रोश रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। इस मौके पर डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन हरियाणा के पूर्व महासचिव महेश शर्मा, पूर्व जिला सचिव अजीत कुमार और केंद्रीय कमेटी के सदस्य शेर सिंह उपस्थित रहे।

### पहले पलटीमार नितीश कुमार नहीं, ये भी हैं दलबदलू

# अनेक नेता हैं भारतीय राजनीति के 'आया राम गया राम'

### गयालाल सबसे पहले बने थे 'आया राम गया राम'



सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

भारतीय राजनीति में नेताओं का पार्टी बदलना बड़ा आम हो गया है। सालों तक किसी पार्टी से जुड़े रहने के बावजूद नेता मनमाफिक सम्मान नहीं मिलने पर पाला बदलते देखे गए हैं। नेताओं, विधायकों या सांसदों के लिए पहले भी यह कोई बड़ी बात नहीं थी और आज भी कुछ ऐसा ही है। इस तरह के नेताओं और विधायकों को 'दलबदलू' या 'पलटीराम' कहा जाता है। भारत में पाला बदलने की इस प्रवृतति के लिए 'आया राम गया राम' वाक्य का भी इस्तेमाल होता है। पूरे देश व हरियाणा में ऐसे नेताओं की भरमार है। अगर सब की चर्चा करेंगे तो आलेख थोड़ा बड़ा हो जाएगा।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते दिन राज्य में इंडिया महागठबंधन से रिश्ता तोड़ भाजपा के साथ सरकार बना ली। नीतीश के दोबारा एनडीए के साथ मिलने पर हर कोई उन पर निशाना साध रहा है। उन्हें 'पलटीराम' की संज्ञा दी गई है। पूरा विपक्ष उन पर हमलावर है।

**दलबदलूओं के लिए 'पलटीराम' से पहले एक और मुहावरा 'आया राम, गया राम' प्रसिद्ध था।**

इसी बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी उनपर कटाक्ष करते हुए उन्हें 'आया राम गया राम' बताया। खरगे ने कहा कि नीतीश के जाने का उन्हें अंदाजा था। बार-बार पार्टी बदलने वाले 'पलटीराम' नीतीश कुमार पहले ऐसे व्यक्ति नहीं है उनसे पहले भी कई राजनेता इस तरह का 'नौंटकी' कर चुके हैं। लेकिन देश में कुछ लोग ऐसे हैं जो आया राम गया राम हैं।

नीतीश पर इस कटाक्ष के बाद राजनीति में एक बार फिर से 'आया राम गया राम' की यादें ताजा हो गई हैं।

आइए जानते हैं, कैसे भारत की राजनीति में इस 'आया राम गया राम' जुमले की शुरुआत हुई

**हरियाणा से जुड़ा है किस्सा**

दरअसल, 'आया राम गया राम' हमारी राजनीति में एक लोकप्रिय जुमला बन गया है। इसके पीछे भी एक रोचक किस्सा है। बात वर्ष 1967 की है, जब हरियाणा के हरियाणा के नेता गया लाल ने कपड़ों की तरह पार्टियां बदली और इस जुमले को अमर बना दिया।

हरियाणा के पलवल जिले के हसनपुर विधानसभा से विधायक चुने गए गया लाल ने 9 घंटे में ही तीन बार पार्टी बदल दी थी। पहले तो गयालाल कांग्रेस से यूनाइटेड फ्रंट में आए, फिर थोड़ी देर में वो वापस कांग्रेस में आ गए। इसके 9 घंटे बाद वो फिर यूनाइटेड फ्रंट में चले गए। गया लाल का हृदय परिवर्तन यहीं नहीं थमा और वो फिर से कांग्रेस में चले गए।

कांग्रेस में आने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता राव बीरेंद्र सिंह ने गया लाल के साथ चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बीरेंद्र सिंह ने गया लाल का परिचय कराते हुए कहा, गया राम अब आया राम हैं। इस किस्से के बाद से दलबदलुओं के लिए ये वाक्य भारतीय राजनीति में खूब चला।

**अंत तक पार्टी बदलते रहे गया लाल**

अपने राजनीतिक सफर के अंत तक गया लाल पार्टी बदलते रहे थे। यूनाइटेड फ्रंट और कांग्रेस के बाद गया लाल ने 1972 में आर्य सभा का दामन थाम लिया। इसके दो साल बाद वो चरण सिंह के नेतृत्व वाले भारतीय लोक दल में शामिल हुए। फिर 1977 में वो जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े। गया लाल ने अपना अंतिम चुनाव 1982 में एक निर्दलीय के तौर पर लड़ा और वो हार गए।

**बेटे उदयभान ने भी जारी रखा पार्टी बदलना**

गयालाल का निधन वर्ष 2009 में हुआ। उनके बाद बेटे उदय भान ने भी उनकी तरह दलबदल की राजनीति जारी रखी। उदय भान 1987 में लोक दल-भाजपा के संयुक्त उम्मीदवार बने थे। इसके बाद वो 1991 में जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़े। साल 2000 में वो निर्दलीय विधायक बने और राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हो गए। इसके बाद वो 2004 में कांग्रेस में चले गए, वो अभी तक कांग्रेस में ही हैं और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभाले हैं।

**ये नेता भी बने 'पलटीराम'-'आया राम गया राम'**

1977 में जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव जीते कर्नल राम सिंह दक्षिणी हरियाणा के चर्चित चेहरे रहे। पहली ही जीत ने उन्हें शिक्षा मंत्री बनाया। फिर 1978 में उन्हें स्पीकर बना दिया गया। भजनलाल के साथ इन्होंने भी पलटी मार कर कांग्रेस का दामन थामा। 1982 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट में मिलने पर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत हासिल की और परिवहन मंत्री



बने और कांग्रेस में शामिल हो गए। 1991 में उन्हें कांग्रेस की टिकट पर महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव में उतरा गया। जहां से जीत कर वह केंद्र में बंजर भूमि विकास राज्य मंत्री बने। उनकी पटरी भजनलाल से नहीं बैठ पाई और उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा चौधरी वीरेंद्र सिंह डूंमर खां के साथ मिलकर विरोध के सुर बुलंद किये।

1980 में भजन लाल जनता पार्टी को छोड़कर 37 विधायकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए थे और बाद में राज्य के मुख्यमंत्री बने।

1990 में उस समय भजन लाल की ही हरियाणा में सरकार थी। बीजेपी के के.एल.शर्मा कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उसके बाद हरियाणा विकास पार्टी के चार विधायक धर्मपाल सांगवान, लहरी सिंह, पीर चंद और अमर सिंह धानक भी कांग्रेस में शामिल हो गए।

हरियाणा के निर्माता कहे जाने वाले चौधरी बंसीलाल ने भी कांग्रेस को छोड़कर हरियाणा विकास पार्टी का गठन किया। 1996 में हरियाणा विकास पार्टी और बीजेपी गठबंधन ने सरकार बनाई। बाद में हरियाणा विकास पार्टी के 22 विधायकों के पार्टी छोड़ने की वजह से बंसी लाल को इस्तीफा देना पड़ा। हरियाणा विकास पार्टी के 22 विधायक आईएनएलडी में शामिल हो गए थे। उसके बाद बीजेपी की मदद से ओम प्रकार चौटाला ने राज्य में सरकार बनाई थी।

2009 के चुनाव में किसी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। कांग्रेस और इंडियन नैशनल लोक दल (आईएनएलडी) दोनों सरकार बनाने की कोशिश कर रही थी। उस समय हरियाणा जनहित कांग्रेस के पांच विधायक सतपाल सांगवान, विनोद भयाना, राव नरेंद्र सिंह, जिले राम शर्मा और धर्म सिंह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। तब कांग्रेस का नेतृत्व भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सौंपा गया।

2014 के बाद कांग्रेस में एकाएक भगदड़ की स्थिति बनी। इसमें कुछ प्रमुख चेहरों ने तत्कालिक कांग्रेसी मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ मतभेद चलते कांग्रेस को छोड़ दिया। इन में चौधरी वीरेंद्र सिंह, राव इंद्रजीत, अशोक तंवर, रणजीत सिंह चौटाला सहित अनेक नेताओं ने कांग्रेस को छोड़ा। चौधरी विजेंद्र सिंह डूमरखां और राव इंद्रजीत सिंह भाजपा में चले गए। चौधरी रणजीत सिंह ने टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा और 2019 में भाजपा के साथ आ गए। 10 साल के मुख्यमंत्री काल में भूपेद्र सिंह हुड्डा ने अनेक कांग्रेसी पार्टी छोड़ने पर विवश कर दिया।

हरियाणा की राजनीति में चर्चित दलित चेहरे और राहुल गांधी के सिपहसालार रहे अशोक तंवर ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मतभेद के चलते कांग्रेस को छोड़ा। उन्होंने भी 'पलटीराम' होने का कीर्तिमान बनाया। उन्होंने अपना संगठन बनाया। बाद में वह ममता बनर्जी की पार्टी में गए। फिर केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का दामन थामा। उनको केजरीवाल का साथ भी रास नहीं आया और बाद में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया।

**पलटीराम आया राम गया राम' राजनीति का केंद्र रहा है दक्षिणी हरियाणा**

कांग्रेस से राजनीति की शुरुआत करने वाले रामपुरा हाउस के 'राव राजा' इंद्रजीत सिंह ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मतभेद के चलते 2014 में कांग्रेस को बाय-बाय कह दिया। 2019 के बाद अनेक बार उनको लेकर चर्चा चली कि वह भाजपा को भी छोड़ सकते हैं। उन्होंने फिर से इंसाफ मंच को सक्रिय किया और इसकी कमान अपनी पुत्री आरती राव को सौंप दी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ भी वह कदमताल नहीं कर पाए थे। भाजपा नेता भूपेंद्र यादव तथा पूर्व सांसद सुधा यादव को पार्टी द्वारा महत्व दिया जाना बताया गया। नांगल चौधरी के विधायक डॉक्टर अभय सिंह पूर्व स्पीकर संतोष यादव वी राव नरवीर सिंह को अहम पद दिए जाने के बाद व्यथित दिखे। मुख्यमंत्री बनने की कसक उनके दिल में कांग्रेस के समय से रही है। जिसे वह रह रह कर समय-समय पर इजहार करते रहे हैं।

पार्टी में पहले जैसा उनका मान सम्मान व महत्व न होने के कारण भी यह चर्चाएं जोरों पर रही। यद्यपि अब उनके सुर बदले हुए हैं। वह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को अब विकास पुरुष बताते नहीं थकते।

**दक्षिणी हरियाणा में अनेक नेता दलबदलू- पलटीराम की श्रेणी में**

इस श्रेणी में राव नरेंद्र सिंह भी है। राव बंसी सिंह सिंह के अचानक निधन के बाद कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीते। बाद में कांग्रेस छोड़कर जनहित कांग्रेस के साथ चले गए। फिर वापस कांग्रेस में आ गए। इसके साथ देवीलाल परिवार से जुड़ी रही संतोष यादव भी पलटीमार श्रेणी में आती है जो आजकल बीजेपी में है। यहां दो ओर चेहरों की चर्चा करते हैं राव निहाल सिंह तथा चौधरी फुसाराम। राव निहाल सिंह ने कांग्रेस को छोड़ कांग्रेस जे के सहारे चुनाव लड़ा, देवीलाल की कृपा से वह चुनाव जीते। इसी तरह 'कांग्रेस जे' और चौधरी देवीलाल के सहारे चुनाव जीतने वाले चौधरी फुसाराम इसी श्रेणी में है जो बाद में चौधरी भजनलाल के साथ कांग्रेस में चले गए। बाद में उनके पुत्र चौधरी मूलाराम निर्दलीय विधायक बने जो कभी देवीलाल परिवार के संपर्क में रहे। आज वह कांग्रेस में है।

पलटी मारने में पूर्व निर्दलीय विधायक राधेश्याम शर्मा पीछे नहीं रहे। कांग्रेस में फिर भाजपा में फिर कांग्रेस में आ गए। याद रहे कि उनके भाई पंडित कैलाश चंद शर्मा ओम प्रकाश चौटाला की सरकार में मंत्री रहे हैं।

छात्र संघ चुनाव के बाद राजनीति मे उतरे नरेश यादव कांग्रेस के युवा जिला प्रधान रहे। बाद में उन्होंने चौधरी बंसीलाल की हविपा का दामन थामा। फिर निर्दलीय विधायक बनकर उन्होंने चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को समर्थन दिया। बाद में चुनाव के समय वह कांग्रेस में शामिल हो गए। टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने कांग्रेस को छोड़ दिया।

पलटी मारने में माहिर नेताओं में राव नरवीर सिंह कांग्रेस से हविपा, इनलो, कांग्रेस और अब भाजपा के सफर के साथ अब भाजपा का दामन थामे हुए हैं। जगदीश यादव इनेलो से कांग्रेस और अब भाजपा में है। कभी मंत्री रहे एमएल रंगा इनेलो को छोड़कर कांग्रेस में चले गए। अभी कांग्रेस में ही है।

नांगल चौधरी से विधायक डॉक्टर अभय सिंह यादव 2014 के चुनाव से राजनीति में आए। भाजपा के टिकट मिलने से पूर्व उनकी कोठी पर इनेलो का हरा झंडा लहरा रहा था। बाबा रामदेव की कृपा से उनको भाजपा की टिकट मिला, उसके बाद में भगवा रंग में ही रंगे हुए हैं। राव इंद्रजीत सिंह के साथ कांग्रेस छोड़ 2014 में भाजपा में शामिल हुए ओम प्रकाश यादव एडीओ व बावल से विधायक डा बनवारी लाल ने रामपुरा हाउस के आशीर्वाद से सत्ता का स्वाद चखा। अभी भगवा रंग में रंगे हुए हैं।

**देश में अब भी जारी है सिलसिला**

साल 2016 में पीपुल्स पार्टी के 43 में से 33 विधायक बीजेपी में शामिल हो गए थे। पहले कांग्रेस विधायक पीपुल्स पार्टी में चले गए थे और बाद में बीजेपी में चले गए थे। साल 2018 में गोवा में कांग्रेस के दो विधायक बीजेपी में शामिल हो गए थे। अभी है भगवा रंग में रंगे हुए हैं।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 18 साल बाद बदली पार्टी**

मध्य प्रदेश के दिग्गज नेता और कांग्रेस से सांसद और केंद्रीय मंत्री रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस से अपना 18 साल पुराना नाता तोड़कर कुछ महीनों पहले बीजेपी का दामन थाम लिया। फिर बीच में ऐसी खबरें भी उड़ी थीं कि वह बीजेपी भी छोड़ सकते हैं।

कांग्रेस नेता अरविंदर सिंह लवली भी इस सूची में हैं। वो कांग्रेस से भाजपा और फिर कांग्रेस में आए हैं।

वहीं, हाल ही में कर्नाटक चुनाव में भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार भी इस सूची में आ गए हैं। वो एक बार फिर भाजपा में शामिल हो गए हैं।

# पुत्र ने माता पिता की स्मृति में लगवाया नेत्र जांच एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

**हथीन।** समाजसेवी पवन कुमार भुटानी ने अपने पिता कृष्ण कुमार भुटानी, दादी यशोदाबाई एवं माता ईश्वर देवी की स्मृति में पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज एवं ईश फाउन्डेशन के सहयोग से न्यू कालोनी कैम्प चौक पर स्थित पंजाबी सभा धर्मशाला में एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

शिविर की अध्यक्षता जिला विधायक दीपक मंगला के सुपुत्र दिव्यांक मंगला ने की और शिविर का संयोजन पलवल डोनर्स क्लब के मुख्य संयोजक आर्यवीर लायन विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने की। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भारत सरकार के केन्द्रीय मन्त्री चौ. कृष्ण पाल गुर्जर, भाजपा के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव गौरव गौतम, पूर्व मंत्री सुभाष कत्याल, पूर्व विधायक सुभाष चौधरी, पंजाबी एकता मंच हरियाणा के संरक्षक नरेश गांधी, भाजपा नेता राजीव कत्याल पंजाबी सभा पलवल के पूर्व प्रधान एल डी वर्मा, प्रकाश वीर, जिला रेडक्रास सोसायटी फरीदाबाद के सचिव बिजेन्द्र सौरोत, समाजसेवी लाजपत राय भुटानी, पवन भुटानी, नेहा भुटानी, कीर्ति मेहरा, संगीता, रश्मि, भावना, कोमल, द्रौपदी तनेजा, पुष्पलता, प्रेम लता, विवेक ,साहिबा, एम एल



कथुरिया ने दीप प्रज्वलित कर आर्य कृष्ण कुमार भुटानी की स्मृति में लाजपतराय भुटानी द्वारा सम्पादित स्मारिका का विमोचन कर शिविर का शुभारम्भ किया। भारत सरकार के केन्द्रीय मन्त्री चौ. कृष्ण पाल गुर्जर ने संस्थाओं द्वारा मानव सेवा व समाज कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान वास्तव में ही महादान है। रक्तदान से बड़ा दुनिया में कोई दान नहीं है। इसके माध्यम से कई जिंदगी बचाई जा सकती हैं। लोगों को हर 3 महीने में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। साथ ही अपने दोस्तों, संबंधियों को भी रक्तदान के लिए जागरूक करना चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक पवन भुटानी एवं शिविर संयोजक विकास मित्तल नें यह बताया कि शिविर में 70 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। जिसमे परिवार के लगभग 15 सदस्यों के साथ साथ लगभग 25 लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। सभी रक्दाताओं को हेलमेट उपहार में दिये गये। वही दुसरी तरफ लॉयन नेत्र अस्पताल नयी दिल्ली के सहयोग से लगाये गये निशुल्क नेत्र जांच शिविर में लगभग 400 लोगों ने निशुल्क नेत्र जांच करायी। शिविर के दौरान लोगों का बीपी, सुगर, एच बी आदि की भी निशुल्क जांच कर निशुल्क दवाई व चश्मे भी वितरीय किये गये।

इस अवसर पर अनिल मोहन मंगला, अतुल मंगला, डा. प्रदीप जिंदल, डा. नोवक जिंदल, चंदी राम गुप्ता, जगबीर सिंह गिरधर, मोती लाल गुप्ता,देशराज शास्त्री, ओमप्रकाश शास्त्री,बिजेन्द्र शर्मा, यशपाल गोयल, प्रदीप छाबडी, प्रवीण ग्रोवर, देवेन्द्र शर्मा, विकेश, तीर्थ गाबा, यशपाल गर्ग, गंगा राम, यशपाल गोयल, बंशीधर मुखीजा, आदि उपस्थित थे।

# टास्क या इन्वेस्टमेंट फ्रॉड से बचाव के लिए पुलिस की साइबर एडवाइजरी का करें पालन: एसएसपी

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

**हथीन।** पुलिस प्रवक्ता संजय कादयान के माध्यम से एसपी डॉक्टर अंशु सिंगला आईपीएस ने बताया कि जिला पुलिस की तरफ से टास्क या इन्वेस्टमेंट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें इस प्रकार की साइबर ठगी से बचने के उपाय के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। साइबर फ्रॉड की प्रक्रिया के बारे में बताया जा रहा है कि साइबर अपराधी किस प्रकार आपको साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। सबसे पहले आपके वाट्सएप पर विदेशी या स्वदेशी नम्बरों से मैसेज आता है जोकि आपको पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर होता है। उसमे आपको कुछ बडे बडे यूट्यूब चैनल दिये जाते है जिन्हे आपको सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीन शाट उन्हे भेजना होता है। जिसके बदले मे वो आपको एक सब्सक्राइब करने का 50 रुपये देते हैं। आपको शुरूआत मे लगभग 3 सब्सक्राइब का टास्क दिया जाता है और जब आप उन्हे टास्क पूरा करके व्हाट्सएप पर स्क्रीनशॉट भेज देते हैं तो ये आपको बोलते हैं कि यदि आपको पैमेंट लेना है तो वो आपको एक टेलीग्राम की आईडी देते है और बोलते हैं कि इस आईडी पर मैसेज करो, जैसे ही आप टेलीग्राम पर मैसेज करते हो तो वो आपकी बैंक डिटेल मांगते हैं। उसके बाद आपके खाते मे 150 रुपये आ जाते है। उसके बाद ये आपको टेलीग्राम पर एक ग्रुप का

**पार्ट टाइम जॉब में पैसे कमाने के नाम पर यदि आपसे कोई इन्वेस्टमेंट करने की बात कहे तो सावधान हो जाए**

लिंक भेजते हैं कि आप इस ग्रुप मे एड हो जाओ हम आपको इस ग्रुप मे हर आधे घंटे मे इसी प्रकार का लिंक देंगे आपको उसे सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीनशॉट वापिस उसी ग्रुप मे भेजना है। उसके बाद आपके कुछ पैसे प्राप्त होते है। फिर आपके पास उसी ग्रुप के एडमिन द्वारा मैसेज आता है कि यदि आप अपने पैसों को ओर भी ज्यादा बढाना चाहते है तो आप और पैस इन्वेस्ट करें व इस ग्रुप मे कुछ लोग फर्जी मैसेज भी करते हैं कि मैने इसके माध्यम से बहुत सारे पैसे कमा लिए हैं जिससे व्यक्ति को लालच आ जाता है और आप इसमें और पैसे इन्वेस्ट करने शुरू कर देते हैं। उसके बाद जैसे जैसे आप पैसे डालते जाते हैं तो आपको वो एक फर्जी वेबसाइट पर ले जाते है, जहां आपको आपके पैसे एक वर्चुअल खाते मे दिखाई तो देते है पर आप जब उन्हे निकालने की कोशिश करते हैं तो आपको बोला जाता है कि दूसरे राउंड मे पैसे लगाने के बाद ही अपने पहले वाले पैसे निकाल सकते हैं, दूसरे के बाद तीसरा और तीसरे के बाद चौथा राउंड। इस तरह आपके पैसे फंस जाते हैं व आप टास्क फ्राड का शिकार हो जाते हैं।

**टास्क फ्राड/Investment**



**Fraud से बचाव के तरीके**

1. आपको किसी विदेशी या भारतीय मोबाइल नम्बर से कोई पार्ट टाइम जॉब के लिए कोई मैसेज आता है तो आपको अच्छी तरह जांच पडताल करनी चाहिए। यदि आपको थोडा भी शक हो तो उसे आपको अनदेखा कर डिलीट कर देना चाहिए।

2. पार्ट टाइम जॉब आफर मे ज्यादा मुनाफे के चक्कर मे ना फसें और इस प्रकार के मैसेज को अनदेखा करें।

3. किसी भी प्रकार की जॉब के लिए आपको पैसे देने की आवश्यकता नही होती है, अत कोई भी भुगतान न करें।

4. यदि आपके पास पार्टटाइम जॉब का आफर आता है तो व्हाट्सएप या टेलीग्राम की बजाय मिलकर आमने सामने ही बात करें।

5. यदि आपको पार्टटाइम जॉब के लिए मैसेज आता है तो आप जॉब देने वाली कम्पनी के आफिस का पता लेकर उसे वेरिफाई करे। पार्ट टाइम जॉब आफर देने वाली कम्पनी से अपॉइंटमेंट लेटर देने के लिए बात करें।

6. पार्टटाइम जॉब आफर मे जिस नंबर से आपके पास व्हाट्सएप मैसेज आता है उस नम्बर पर जब आप कॉल करेंगे तो कभी भी आपका कॉल रिसीव नही किया जाता है, उसे साधारण काल करके सुनिश्चित करें।

7. टास्क/इन्वेस्टमेंट फ्राड मे आपके बैंक खाते में हर बार अलग अलग बैंक खातों से पैसे आते है। जबकि वास्तविक कम्पनियों से आपके बैंक खाते मे एक ही खाते से पैसे आते हैं।

8. वास्तविक कम्पनी आपको पैसे डालने के लिए कभी भी अलग अलग बैंक खाते या अलग अलग यूपीआई आईडी नहीं देती। यदि अलग अलग बैंक खाते दिए जाते हैं तो आप सावधान हो जाएं।

एसपी डॉ अंशु सिंगला ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूक अभियान चलाए जा रहे हैं। इसलिए आमजन से अनुरोध है कि वह साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बने और अपने तथा अपने साथियों को साइबर ठगी का शिकार होने से बचाएं। अगर आपके साथ इस प्रकार का फ्रॉड हो जाता है तो बेझिझक साइबर क्राइम थाना या नजदीकी पुलिस थाना में जाकर थाना में स्थापित साइबर डेस्क व नेशनल साईबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल (www.cybercrime.gov.in) पर जाकर शिकायत दर्ज करवा सकते है। इसके अलावा राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर डायल कर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करा सकते हैं।

# हकेवि में विकसित भारत एट 2047 में युवाओं की भूमिका पर गोष्ठी आयोजित

## जर्नल वी.के. चतुर्वेदी व प्रो. एच.एन. शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में किया संबोधित

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में सोमवार को विकसित भारत एट 2047:युवाओं की भूमिका विषय पर केंद्रित एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त जर्नल वी.के. चतुर्वेदी व प्रो. एच.एन. शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति व आयोजन के मुख्य संरक्षक प्रो. टंकेश्वर कुमार उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में युवाओं की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ना होगा।

आयोजन में मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त जर्नल वी.के. चतुर्वेदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत वीरों की धरती है और युवा राष्ट्र है। युवा शक्ति अपनी सकारात्मक ऊर्जा द्वारा भारत को समृद्धि के रास्ते पर अग्रसर कर सकता है। उन्होंने कहा कि आगामी समय अमृतकाल का समय है जिसमे युवाओं का समर्पण बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और सुभाषचंद्र बोस का



उदाहरण देते हुए कहा कि लोग आज भी आंकलन करते है की स्वामीजी के शब्दों का क्या मतलब था और सुभाषचंद्र बोस के शोर्य और पराक्रम ने किस प्रकार युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन किया। जब तक जन जन साथ नहीं होगा देश का विकास नहीं होगा। आधुनिकता और परंपरा पर उन्होंने कहा कि वस्त्र और भाषा नहीं अपितु मसतिष्क की आधुनिकता होती है। हमारी परंपरा ही हमारी पहचान है, हमारा खान पान, रहन सहन सब अपना है और इस पर गर्व होना चाहिए। यदि हम अपनी परंपरा पर गर्व करेंगे तो विश्व हम पर गर्व करेगा।

आयोजन में दूसरे मुख्य वक्ता प्रो. एच.एन. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 1947 में जो भारत था और 2047 का भारत क्या होगा यह हम सब करके दिखाएंगे। 2047 में जाने के लिए गांवों से जुड़ना पड़ेगा, अपने माता पिता से सीखो, अपने सभ्यता, धर्म के प्रति जागृत होना पड़ेगा। गांवों की तरक्की से ही भारत की तरक्की है। मन में ठान लो, जहां जाओ पूरी तैयारी के साथ जाओ। मन में प्रण करने से ही राह बनती है। उन्होंने कहा कि मै हूं और वही भारत है और जब ये विचार आज के युवा वर्ग में आ जायेगा तभी देश उन्नति और विकास के मार्ग पर अग्रसर हो सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय और शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस स्थान पर यह विश्वविद्यालय है वह स्थान उत्तम है, यहां हर राज्य से विद्यार्थी है जो खुद में एक लघु भारत है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के लिए चंद्रशेखर अवार्ड की घोषणा की जो यूनिवर्सिटी के उत्कृष्ट विद्यार्थी को दिया जाएगा। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मुख्य वक्ताओं का स्वागत करते हुए उनका परिचय प्रस्तुत किया। आयोजन में मंच का संचालन और आयोजन डॉ नीरज कर्ण सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर आनंद शर्मा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

## भेदभाव रोकने के लिए क्षेत्रवासियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उप तहसील को उपमंडल बनाने के आखिरी चरण के हस्ताक्षर अभियान का समापन सोमवार को नगीना में किया गया। इस अभियान में 68 गांवों के चुनिंदा लोगों ने भाग लिया। जल्दी ही एक बड़ा सम्मेलन मेवात की बड़कली चौक पर आयोजित किया जाएगा जिसकी तैयारियां जोर से चल रही है। वरिष्ठ समाजसेवी कामरेड अजीज अहमद ने मेवात आरटीआई मंच एवं मौजी फाउंडेशन द्वारा चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में कहा कि पहले इंडियन नेशनल लोकदल व कांग्रेस पार्टी नगीना क्षेत्र के साथ विकास में भेदभाव करती थी, अब भारतीय जनता पार्टी उसी डगर पर चल रही है। ऐसे कैसे क्षेत्र का समुचित विकास होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ हरियाणा सरकार सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास का नारा देती है किंतु धरातल पर भेदभाव करती है। हाजी अली मोहम्मद ने कहा कि केवल रैनीवेल से पीने के पानी और नहरों की मरम्मत के अलावा कोई एक काम बीजेपी के पास नगीना तहसील में गिनवाने के लिए नहीं है। यहां दर्जनों बड़ी योजनाएं घोषणा बनकर रह गई है कोई सुनवाई नहीं होती। पिछले साढे नौ साल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक भी विकास रैली नगीना क्षेत्र में नहीं की है। जबकि नूंह जिले के प्रत्येक उप तहसील और तहसील में कई बार विकास रैलियां की जा चुकी है। पूर्व सरपंच उलेटा जमील धोलपोश ने बताया कि मेवात आरटीआई मंच एवं मौजी फाऊंडेशन नगीना उप तहसील को उपमंडल बनाने के लिए दो दशक से लगातार अभियान चला रही हैं। हस्ताक्षर अभियान गांव-गांव में दो साल पहले चलाए गए थे, अब सभी गांवों के अभियान पूरे हो चुके हैं। लोगों ने कहा कि हमारी मुख्य मांग नगीना उप तहसील को उपमंडल बनाया जाए जिससे यहां का समुचित विकास हो सके। मौके पर चौधरी सोहराब खान, सलीम अहमद, मजीद खान, सगीर हुसैन, असरुद्दीन, तौफीक चिकारा, वसीम अहमद, सादिक खान, मोहम्मद हनीफ, सकील अहमद, नसीम खान, आलम खान शमीम अहमद आदि मौजूद रहे।

## मेवात मॉडर्न एकेडमी भादस के दो विद्यार्थियों का दिल्ली पुलिस में चयन

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** सपूत के पैर तो पालने में दिखाई देते है इस कहावत को सिद्ध कर दिखाया है मेवात मॉडर्न एकेडमी भादस के दो होनहार विद्यार्थियों ने। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में कड़ी मेहनत करते हुए दिल्ली पुलिस की सिपाही भर्ती में जगह बनाई है जिससे मेवात मॉडर्न एकेडमी समेत इलाके में खुशी का माहौल है। मूलरूप से मोइन खान गांव भादस व नसीम अहमद गांव खेड़ली नूंह से ताल्लुक रखते हैं। उनकी शिक्षा मेवात मॉडर्न एकेडमी भादस से हुई और कोचिंग दिल्ली से पाई। इस कामयाबी से न केवल स्कूल बल्कि उनके परिवार लोगों को मिठाइयां खिलाकर खुशियां मना रहे हैं। मेवात मॉडर्न एकेडमी भादस के संरक्षक मोहम्मद खालिद मढ़ी ने बताया कि दिल्ली पुलिस में सिपाही के पद पर चयनित हुए नसीम अहमद व मोइन खान उन्हीं के स्कूल से पढ़े हैं। दोनों कठिन परिश्रम करके इस मुकाम तक पहुंचे हैं वो कई साल से दिल्ली में कोचिंग के साथ-साथ प्रैक्टिस में लगे थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस में सिपाही की नौकरी पाना बड़ी बात है इसके लिए कई प्रकार की चयन प्रक्रिया होती है। जिले की युवा पीढ़ी नशे की तरफ बढ़ रही है इसे सही दिशा में लाने के लिए समाज के लोगों को साझा प्रयास करने होंगे। चयनित विद्यार्थियों का स्कूल में जल्द ही भव्य स्वागत किया जाएगा इससे दूसरे विद्यार्थी भी सीख लेंगे।

## वाहन व सारथी पोर्टल के माध्यम से ले सकते हैं आधार आधारित 22 फेसलेस सेवाओं का लाभ

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा सरकार ने सुशासन की दिशा में निरंतर कदम बढ़ाते हुए अब हरियाणा में वाहन और सारथी पोर्टल के माध्यम से आधार आधारित 22 फेसलेस सेवाओं का लाभ आमजन को देने का निर्णय लिया है। उपायुक्त धीरेन्द्र खडग़टा ने बताया कि आमजन को वाहन पोर्टल पर वाहन पंजीकरण से संबंधित जैसे गिरवी जारी रखना, स्वामित्व का हस्तांतरण, पते में बदलाव, नया परमिट जारी करना, परमिट का नवीनीकरण, किराया खरीद समझौते का पृष्ठांकन, अस्थायी परमिट के लिए आवेदन, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि, मोटर वाहन के अस्थायी पंजीकरण के लिए आवेदन, परमिट की प्रतिलिपि जारी करना, फिटनेस सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि जारी करना, फीस के बदले रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट विवरण देखना, परिवहन सेवाओं के रिकार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट करना जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। वाहन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए पोर्टल वाहन.परिवहन.जीओवी.आईएन/वाहनसर्विस का प्रयोग करना होगा। सारथी पोर्टल पर चालक लाइसेंस से संबंधित सेवाएं जैसे प्रतिलिपि जारी करना, लाइसेंस का नवीनीकरण, लाइसेंस का प्रतिस्थापन, लाइसेंस में पते का परिवर्तन, लाइसेंस निकलवाने का प्रावधान, अंतर्राष्ट्रीय चालक परमिट जारी करना, खतरनाक सामग्री को चलाने हेतु पृष्ठांकन, पहाड़ी क्षेत्र में चलाने हेतु पृष्ठांकन, लाइसेंस वाहन की श्रेणी का समर्पण शामिल हैं।

# सरकार ने हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना की अधिसूचित : उपायुक्त

### 31 मार्च 2024 तक ग्राम पंचायतों व शहरी स्थानीय निकायों को खेल उपकरण अनुदान पर कराए जाएंगे उपलब्ध



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा सरकार की ओर से ग्राम पंचायतों व शहरी स्थानीय निकायों में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने व गांवों में छुपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना 2023-24 अधिसूचित की है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों व नगर निकायों को विभिन्न प्रकार का खेल का सामान अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यानी 31 मार्च 2024 तक वैध रहेगी। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि सरकार की इस योजना से जिला में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवा खेलों की ओर उन्मुख होंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतें व शहरी स्थानीय निकाय इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए तभी पात्र होंगे, जब गांवों व शहरों में संबंधित खेल के लिए उचित खेल का मैदान (एफओपी) होगा। हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना के तहत वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, क्रिकेट खेल को शामिल किया गया है, जिसके तहत खेल का सामान उपलब्ध कराया जाएगा।

**आवेदनों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया व समय सीमा**

आवेदन निर्धारित प्रपत्र में जिला खेल अधिकारी के कार्यालय में जमा किए जाएंगे, जिसकी उचित रसीद आवेदक को दी जाएगी। इस प्रकार प्राप्त आवेदनों का रिकॉर्ड इस प्रयोजन के लिए बनाए गए रजिस्टर में प्राप्ति के कालानुक्रमिक क्रम में दर्ज किया जाएगा। आवेदन किसी भी कार्य दिवस में जमा करवाए जा सकते हैं। ग्राम पंचायतों के मामले में, संबंधित गांव का सरपंच आवेदन जमा करा सकता है। सरपंच का पद रिक्त होने की स्थिति में ग्राम सचिव आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नगर निकायों के मामले में आवेदन संबंधित वार्ड सदस्य/परामर्शदाता द्वारा जमा किए जाएंगे। खेल के मैदान की नवीनतम तस्वीरों को आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है, जिसमें तस्वीर पर तारीख और स्थान का उल्लेख होना चाहिए। आवेदन प्राप्त होने पर, इसकी जांच अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जांच समिति द्वारा निर्दिष्ट समय सीमा के अंदर की जाएगी। जांच कमेटी में जिला खेल अधिकारी, जिले के सबसे वरिष्ठ कोच, खेल विभाग उप अधीक्षक व वरिष्ठतम अधिकारी व संबंधित खेल के वरिष्ठतम कोच को शामिल किया जाएगा। इस बारे में अधिक जानकारी जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

**ये हैं योजना के नियम एवं शर्तें**

केवल योजना में उल्लिखित खेल उपकरण ही दिए जाएंगे, नगर निकाय/ग्राम पंचायतें दो वित्तीय वर्षों की अवधि के दौरान क्षेत्र में लोकप्रिय सभी खेलों के लिए खेल उपकरण के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होंगी। कुश्ती और जूडो के मामले में, इनमें से किसी एक खेल के लिए खेल उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

पात्र आवेदक पॉलिसी के पैरा 4 (सी) और (डी) के अनुसार होगा। खेल उपकरण जारी होने के बाद उसे संबंधित ग्राम पंचायत व नगर निकाय के कार्यवाही रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी द्वारा एक निर्गम रजिस्टर बनाकर उसमें आवंटित खेल उपकरण को जारी करने के कालानुक्रमिक क्रम में दर्ज करेगा।

# गांव नौशेरा में हुआ नासिर हुसैन बदरूद्दीन का स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन

**दर्जनों लोगों ने बीजेपी-कांग्रेस पार्टी को छोड़कर जेजेपी का दामन थामा**

**उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला की नीतियों से प्रभावित है नूहँ की जनता**

**नूंह के दो बड़े घरानों ने किया है सिर्फ लोगों का आजतक शोषण किया**

**नौशरा गाँव ने हमेशा दिया है बदरूद्दीन का साथ**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह विधानसभा के गांव नौशेरा में सैंकड़ों कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जेजेपी के प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ चौधरी बदरुद्दीन को एक कार्यक्रम के दौरान अपना समर्थन दिया। इस दौरान आधा दर्जन गांवों के पंच, सरपंच सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके गांव नौशेरा के पूर्व सरपंच वहीदा पूर्व सरपंच हसन आलम इरफ़ान डॉक्टर ज़ाहिद साहिद जमील मिस्त्री शेरू ठेकेदार नसीम लूला पप्पन ब्लॉक समिति सदस्य अरीफ हुसैन ब्लॉक समिति सदस्य समून सहीद सहित हजारों की संख्या में लोग चौधरी बदरुद्दीन व उनके साहबजादे नासिर हुसैन को सुडका अस्पताल से लेकर गांव नौशेरा तक डीजे बाजे आतिशबाजी के साथ बडी उत्साह के साथ नौशेरा गाँव लेकर गये।

इस मौके पर प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ चौधरी बदरुद्दीन ने कहा कि वह बीते दो दशक से नूंह विधानसभा में जनता की सेवा में लगे हुए है। उन्होंने कहा कि नूंह विधानसभा पूर्व स ही दो परिवारों की राजनीति की शिकार है। उक्त दोनों परिवारों ने सिर्फ अपना विकास किया है। आज नूंह जिला सबसे पिछड़े जिलों की श्रेणी में है। जिसका श्रेय नूंह विधायक आफताब अहमद व पूर्व विधायक जाकिर हुसैन व इनके परिवारों को जाता है। इन्होंने कभी क्षेत्र को आगे बढने.नहीं दिया। बल्कि क्षेत्र की जनता को थानों-चौकी के बीच तक सीमित रखा। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में नूंह विधानसभा में जरूर परिवर्तन होगा। आज के युवा बहुत ही समझदार है। उनको अपनी वोट की कीमत का भलीभांति से पता है। समय आने पर वह अपनी वोट की चोट से इन दोनों परिवारों के लोगों को बाहर का रास्ता दिखाने का कार्य करेंगें।

उन्होंने कहा कि नूंह विधानसभा दो खानदानों के बीच पीस रहा है। 31 जुलाई को हिंसा दिन विधायक आफताब अहमद व जाकिर हुसैन अपने-अपने घरों से गायब हो गए थे। इनकी कथनी और करनी में बहुत ही अंतर है। इन चुनाव में जनता इन नेताओं को अवश्य सबक सिखाएगी। नासिर हुसैन ने कहा कि उनका राजनीति में आने का मकसद क्षेत्र के लोगों की सेवा करना है। पूर्व से ही नूंह विधानसभा इन लोगों की घटिया राजनीति का शिकार रहा है।जिससे आज भी यहां पर लोग बेरोजगारी शिक्षा,बिजली व पानी सहित अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं इस मौके पर नूहँ नगर परिषद चेयरमैन संजय मनोचा प्रदेश सचिव हाजी सिरजूद्दीन, सुखबीर सिंह गुर्जर जिलाध्यक्ष बीसी प्रकोष्ठ ,समय सिंह सरपंच किरा जिला अध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ, राहुल सरपंच,दीपक कुमार इंडरी, वेदप्रकाश सरपंच बडौजी, दादा सुलेमान आकेड़ा, मोसीम सरपंच जयसिंहपुर, युवा हल्का अध्यक्ष इक़बाल, युवा हल्का अध्यक्ष जावेद, समय सिंह पार्षद ,निजामपुर सरपंच जाहिद, सहाबूद्दीन घासेडा ,जमील सुडाका ,कल्लू मालब ,सर्वेश ऊदका ,सकिल बीबीपुर ,आज़ाद भूदर ,जिला उपाध्यक्ष आफ़ताब अहमद ,उमर मोहम्मद ,उमरद्दीन कर्चन्दका ,साजिद देवला ,यासीन पार्षद ,अब्बास जयसिहपुर ,सकील रायपुरी ,मेहरचन्द आलदौका ,साकिर ठेकडा ,असलम कलिजर ,असलम गुडबास ,उमर मोहम्मद, बाबूपुर करीम गोलपुरी ,साहबूद्दीन रोबडीया ,सहिद पाहट आधाका सहित हजारों समर्थक उपस्थित रहे।

## परीक्षा पे चर्चा में पीएम मोदी ने दिया छात्रों को मंत्र: चौ. जाहिद हुसैन चैयरमेन

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** आज नूह के मेवात मॉडल स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में मुख्य रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी जाहिद हुसैन पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा नेता जाहिद हुसैन ने कहा कि सभी छात्र अपनी आगामी परीक्षा में जुड़ जाए और परीक्षाओं में अच्छे अंक लाकर आगे बढ़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर छात्रों के साथ ऐसे संवाद करते रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के 7वें संस्करण में देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत की। करीब पौने दो घंटे तक पीएम सर की मेगा क्लास में बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन से लेकर बेहतर नागरिक बनने के गुर मिले। पीएम ने बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता और शिक्षकों से भी बात की। प्रधानमंत्री ने बेहद सरल और मजेदार अंदाज में बच्चों के हर एक सवाल का जबाव दिया। कैसे बोर्ड परीक्षा की तैयारी की जाए, टाइम मैनेजनेंट कैसे हो, मोबाइल के दुष्प्रभाव से कैसे बचा जाए? इन सभी सवालों का जवाब पीएम मे दिया। उन्होंने ये भी बताया कि वो कैसे इतने पॉजिटिव रहते हैं और प्रधानमंत्री के रूप में आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं। परीक्षा पे चर्चा की ये 10 बातें हर एक छात्र, अभिभावक और शिक्षक को जरूर जाननी चाहिए। इस मौके पर प्रिंसिपल रविंदर जैन, अलीजान,मनीष, समस्त स्कूल स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## तावडू नगरपालिका की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी: उपायुक्त धीरेंद्र

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** राज्य चुनाव आयोग हरियाणा की ओर से नगर पालिका तावडू की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 22 जनवरी को प्रकाशित फाइनल मतदाता सूची के अनुसार आगामी 9 फरवरी को नगरपालिका तावडू के वार्ड वाइज ड्राफ्ट प्रकाशित कर दावे व आपततियां आमंत्रित की जाएंगी। उपायुक्त धीरेंद्र खड्गटा ने बताया कि 9 फरवरी को नगरपालिका तावडू के वार्ड वाइज ड्राफ्ट का प्रकाशन होगा तथा 16 फरवरी तक दावे व आपततियां आमंत्रित की जाएंगी। इसके बाद 27 फरवरी को सभी दावे व आपततियों को निपटान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दावे एवं आपततियों के निपटान से संतुष्टि नहीं होने पर उपायुक्त के समक्ष एक मार्च 2024 तक अपील की जा सकती है। उपायुक्त द्वारा संबंधित अपील का 7 मार्च तक निपटारा किया जाएगा। इसके बाद 18 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है शहिद हसन खान मेडिकल कॉलेज

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मेवात जिले के शहिद हसन खान मेडिकल कॉलेज जहां पिछले तीन-चार सालों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, वही मेवात के मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को भी सुविधा नहीं मिल पा रही हैं, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। मेडिकल कॉलेज में जहां दवाई और अन्य सामान न होने के चलते मरीजों को बाहर से दवाई लानी पड़ रही है। वही उनको इलाज कराने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेवात के मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर मुकेश कुमार ने दावा करते हुए कहा है वह लगातार मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं और जहां पहले यह रेफर केंद्र बना हुआ था, वहीं अब मरीजों का यहां इलाज कर धीरे-धीरे उन्हें दवाइयां भी दी जाने लगी हैं और उनका प्रयास है कि मेवात के मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड व एक्सरे मशीन को भी जल्द से जल्द शुरू कराये जाएगे। उन्होंने उच्च अधिकारियों को लिखकर यह मांग कि है कि मेवात के मेडिकल कॉलेज में जल्द से जल्द अल्ट्रासाउंड की सुविधा और एक्स-रे की पुरानी मशीनों को दुरुस्त करा कर शुरू करवाया जाए ताकि यहां पर मरीजों को एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड की सुविधा दी जाए। उन्होंने कहा कि दवाइयों को एक चैनल के थ्रू मंगवाना होता है जो हम लगातार कर रहे हैं और धीरे-धीरे अब दवाई आनी शुरू हो चुकी हैं। पहले यह सच है कि मेडिकल कॉलेज में दवाएं और अन्य सुविधाएं देने में मेडिकल कॉलेज असमर्थ था, लेकिन अब धीरे-धीरे बदलाव लाया जा रहा है और मरीजों को सुविधाएं देने में हम प्रयास कर रहे हैं। जिससे हम मेडिकल कॉलेज की प्रतिदिन ओपीडी 1200 हो गई है और लोगों का इलाज करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में लगातार डिलीवरी बढ़ रही है और प्रतिदिन सात आठ डिलीवरी हो रही है जो एक बड़ा आंकड़ा है।

## बलात्कार के आरोपी को 20 साल के कारावास की सजा व 21 हजार का लगाया जुर्माना




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** फिरोजपुर झिरका थाना के अन्तर्गत एक गांव की पीडिता के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी रघुबीर निवासी फिरोजपुर झिरका जिला नूंह को माननीय नरेन्द्र पाल स्पेशल कोर्ट/अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पोक्सो नूंह की अदालत ने दोषी करार देते हुए धारा 376(क्ष), 323 भा0द0सं0 के तहत 20 वर्ष कारावास की सजा व 21 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि नहीं भरने पर आरोपी को 08 महिने अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पड़ेगी। मामले के अनुसार जिला नूंह के थाना फिरोजपुर झिरका के अंतर्गत एक गांव में वर्ष 2019 में एक पीडिता के साथ दुष्कर्म करने के मामलें में पीडिता के परिजन ने जिला नूंह के थाना फिरोजपुर झिरका में एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें आरोपी के द्वारा पीडिता के साथ मारपीट कर जबरन दुष्कर्म करने के आरोप थे। इस संबंध में जिला नूंह पुलिस ने अविलम्ब अभियोग संबनधित धाराओं के तहत पंजीबद्ध किया था। मामले की सुनवाई माननीय न्यायालय में हुई। सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय ने मामलें को बहुत ही संगीन माना और जांच इकाई की उत्कृष्ट पैरवी एवं प्रॉसीक्यूशन द्वारा पेश की गई मजबूत दलीलों से दोषियों की सजा में कोई नरमी नहीं बरती। मामले में नूंह पुलिस के द्वारा बिना किसी विलंब के अभियोग अंकित किया गया। इसके बाद पीडिता के माननीय मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाए गए तथा जांच इकाई के द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। माननीय न्यायालय ने अभियोग में सुनवाई करते हुए आरोपी को उक्त मामलें में उपरोक्त सजा के आदेश पारित किए।

# भारतीय मजदूर संघ से संबंधित फरीदाबाद ऑटो चालक संगठन का गठन

**दिनेश चौहान कार्यकारी अध्यक्ष, सोनू उपाध्यक्ष, रवि राजौरा उपाध्यक्ष, सोनू फौजी मीडिया प्रभारी नियुक्त**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित फरीदाबाद ऑटो चालक संगठन का महाराजा नाहर सिंह की प्रतिमा के नीचे दशहरा मैदान बल्लभगढ़ में गठन किया गया। इसमें आकाश सिंह को जिला प्रधान, पुराने वरिष्ठ साथी भाई गुलाब सिंह राणा महामंत्री,हरेन्द्र सिंह कैशियर और दो साथी गोपाल शर्मा और नरेश कुमार प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किए गए। ग्यारह सदस्यीय टीम की घोषणा शैलेश कुमार कार्यकारी अध्यक्ष ने की और माननीय प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सबको आशीर्वाद देते हुए संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कामना की । इससे पूर्व मंच संचालन करते हुए भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद जिला मंत्री नीरज त्यागी ने संगठन की उपलब्धियों को सबके समक्ष रखा जिसमें असंगठित क्षेत्र के कामगारों का डाटा तैयार करवाना, एक्स ग्रेशिया लागू करवाना, स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी, सफाई आयोग का गठन, घुमंतू जाति-जनजाति आयोग, कैशलेस इलाज की मंजूरी आदि। कार्यक्रम को नवीन शर्मा रा.का.मंत्री, महिपाल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, गुलाब सिंह राणा पूर्व अध्यक्ष पलवल, शैलेश कुमार और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पब्लिक प्राइवेट ट्रांसपोर्ट संघ ने विस्तार से इस क्षेत्र की उपलब्धियों को उपस्थित आटों चालकों के समक्ष रखा बहुत ही शान्ति पूर्वक और सर्वसम्मति से उक्त कार्यक्रम पूर्ण हुआ। फरीदाबाद आटो चालक संगठन दिनेश चौहान कार्यकारी अध्यक्ष, सोनू उपाध्यक्ष, रवि राजौरा उपाध्यक्ष, सोनू फ़ौजी मीडिया प्रभारी और अर्जुन भाटी,जीतू कल्लू, सूखा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। भारतीय मजदूर संघ हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार ने अपने उद्बोधन में नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुआ आटों चालकों की सभी मांगों को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा के उपरांत भारत माता की जय के उदघोष से आरम्भ कार्यक्रम, भारतीय मजदूर संघ अमर रहे अमर रहे अमर रहे और भारत माता की जय से ही संपन्न हुआ।

# हरियाणा के नकारे मुख्यमंत्री के कारण विधायक नीरज शर्मा कफन का कपड़ा पहनने को मजबूर : कृष्णा अत्री

**कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा के समर्थन में एनएसयूआई ने फूंका मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का पुतला**

**कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा को कपड़े त्यागे 13वा दिन, सरकार नही चेती तो विरोध में एनएसयूआई ने फूंका पुतला**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** आज एनएसयूआई फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के गेट पर एनआईटी फरीदाबाद से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा के पक्ष में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का पुतला फूंका। यह पुतला एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में फूंका गया। एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने बताया कि विधायक नीरज शर्मा फरीदाबाद लोकसभा में अकेले कांग्रेस के विधायक है और समय समय पर विधानसभा में अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते रहते है। उन्होंने बताया कि विधायक नीरज शर्मा ने दिसंबर 2023 विधानसभा सत्र में एनआईटी विधानसभा को नारकीय स्थिति से निजात दिलाने के लिए सरकार से लगभग 28 करोड रुपए की मांग करी थी जिस पर सदन में सरकार ने आश्वासन दिया था कि एक माह के अंदर यह पैसे अलॉट कर दिए जाएंगे लेकिन एक माह पूर्ण होने बाद भी जब फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय से नहीं निकली तो विधायक नीरज शर्मा ने 17 जनवरी को चंडीगढ़ में अपने कपड़े त्यागने का काम किया। विधायक नीरज शर्मा को कपड़ा त्यागे आज 13वा दिन है लेकिन हरियाणा के मुख्यमंत्री का इस ओर ध्यान नही है। उल्टा गणतंत्र दिवस वाले दिन पुलिस के माध्यम से नीरज शर्मा के साथ तानाशाही और की। कृष्ण अत्री ने कहा कि नीरज शर्मा इस संघर्ष में की लड़ाई में अकेले नही है कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा हुआ है।

कृष्ण अत्री ने कहा कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री कहते है सबका साथ सबका विकास और वही दूसरी तरफ विपक्ष के विधायको को विकास कार्य कराने के लिए फंड तक देते नही देते है। यह पहली ऐसी सरकार है जो हरियाणा के महान सदन में भी वायदा करके मुकर जाती है। उन्होंने कहा कि विपक्षी विधायको के साथ भेदभाव करना मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। इस मौके पर एसवी पंडित, पुनीत सहरावत, निपुण पंडित, प्रिंस भड़ाना, निखिल शर्मा, देव कुमार, ध्रुव चौहान, प्रवीण भारद्वाज, सन्नी, विक्की, मोनू, मोहित, रोहन, सुमित आदि मौजूद थे।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बच्चों को तनाव मुक्त परीक्षा के बेहतर संचालन सेक्टर-55 के स्कूल में दिए गुरु मंत्र

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण भी बच्चों के संग बैठकर ध्यानपूर्वक सुना



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज सोमवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तत्वाधान में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन के दौरान प्रात: 11:00 बजे सेक्टर 55, के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे। वहीं केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर स्कूल पहुंच कर वहां पर बच्चों को तनाव मुक्त परीक्षा के बेहतर सफल संचालन के लिए बारीकी से मूल मंत्र दिए। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में चलाए जा रहे तनाव मुक्त परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करके स्कूली बच्चों के साथ बैठकर तनाव मुक्त परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोटिवेशनल स्पीच को भी बच्चों के संग बैठकर ध्यान पूर्वक सुना।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने उपस्थित बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइव प्रसारण के जरिये कहा है कि बच्चों को परीक्षाओ का तनाव मस्तिष्क पर बिल्कुल नहीं रखना चाहिए। तनाव मुक्त परीक्षा देने से बच्चे की खुशी के साथ साथ परिवार के लोग भी खुश रहते हैं। परीक्षा के दौरान हर रोज तनाव मुक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए आधुनिक तकनीकी डिजिटल व्यवस्था के साथ कार्य करके आराम जरूर करें। ''परीक्षा पे चर्चा एक वार्षिक परंपरा बन गई है, जिस पर 'परीक्षा योद्धा' (छात्र), माता-पिता और शिक्षक सभी की नजर होती हैं क्योंकि इससे उन्हें तनाव से उबरने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलती हैं। बच्चे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताई गई बातों पर आपस में कठिनाई के दौरान सांझा चर्चा करें और अपने मनोबल को बढ़ाते हुए अपनी आने वाली परीक्षा को पूरी तैयारी के साथ तनाव मुक्त परीक्षा दे। इस अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा डॉ आर एन सिंह, मंडल अध्यक्ष कविंद्र चौधरी, सदस्य निगरानी कमेटी राजेश डागर, जिला महामंत्री महिला मोर्चा ममता राघव, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश डागर, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र राघव, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, संजू चपराना, स्कूल प्रिंसिपल सत्येंद्र सौरोत सहित स्टाफ के टीचर्स और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब एनआईटी ने वाहन चालकों को वितरित किए हैलमेट




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद एनआईटी द्वारा सैक्टर-16 रोटरी चौक पर हैलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नरेंद्र गुप्ता के भाई व वरिष्ठ उद्योगपति राकेश गुप्ता मौजूद रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार व भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रधान वीरेंद्र मेहता ने की तथा भाजपा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी इस कार्यक्रम के प्रयोजक रहे। इस मौके पर प्रोजैक्ट लीडर बलराज नागर, राजीव सूद, राजन गेरा, मनोज मंगला, अनुज सूद, उदय मेहता, सतीश अदलक्खा, राहुल मखीजा, पंकज पसरीचा, रविंद्र मंगला, चुन्नीलाल चौपड़ा, संजय खंडेलवाल, सरबजीत सिंह चौहान, पुष्पेंद्र सिंह, संजय अरोड़ा, एडवाइजर पीएल जुनेजा, देवेंद्र ड्क्षसह सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। इस मौके पर राकेश गुप्ता ने कहा कि वाहन चालक हैलमेट को सामान नहीं बल्कि सुरक्ष कवच समझें। वहीं एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ने रोटरी क्लब एनआईटी के इस प्रयास की सराहना की। इस मौके पर रोटरी क्लब एनआईटी, रोड सेफ्टी संस्था व ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालकों को हैलमेट के प्रयोग के लिए जागरुक किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने वीरेंद्र मेहता व उनकी टीम की जनहित के कार्यों के लिए सराहना की। इस अवसर रोटरी क्लब एनआईटी के प्रधान वीरेंद्र मेहता ने कहा कि सडक़ हादसों में दुपहिया वाहन चालकों की जान हैलमेट न पहनने के कारण ज्यादातर जाती है इसलिए क्लब द्वारा यह संदेश दिया जा रहा है कि हैलमेट का प्रयोग वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से करें। वहीं इस मौके पर सभी ने पीएम मोदी के मन की बात को भी सुना। इस पर भाजपा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी ने कहा कि आज पीएम मोदी ने लोगों के अंगदान के सेवा भाव के बारे में चर्चा कर करोड़ों लोगों को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने यह साबित कर दिया कि किस तरह राजनीति भी सेवाभाव के साथ की जा सकती है।

# हकेवि की पूजा ने आईएसएस की परीक्षा में पाई सफलता

## सांख्यिकी विभाग की पूजा भारतीय सांख्यिकी सेवा में चयनित

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के सांख्यिकी विभाग की छात्रा पूजा कुमारी ने भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) परीक्षा में ऑल इंडिया के स्तर पर 21वीं रैंक प्राप्त की है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार से मुलाकात कर छात्रा ने उन्हें अपनी इस उपलबधि की जानकारी दी और कुलपति ने छात्रा को इस सफलता के लिए बधाई दी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।




उन्होंने विभाग के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि पूजा की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक होगी। सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कपिल कुमार ने बताया कि आईएसएस की परीक्षा में पूजा कुमारी ने ऑल इंडिया स्तर पर 21वां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) भारत सरकार की कार्यकारी शाखा की केंद्रीय सिविल सेवाओं के ग्रुप ए के तहत एक सिविल सेवा है। आईएसएस एक सिविल सेवा है जिसमें सांख्यिकीय विधियों और अनुप्रयोगों में उच्च स्तर की दक्षता है। डॉ. कपिल कुमार सहित विभाग के शिक्षक प्रो. रंजन कुमार साहु, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. अनूप कुमार एवं डॉ. पवित्रा कुमारी ने पूजा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित गरिमा बनी म्हारी लाडो-म्हारी शान कार्यक्रम की जिला ब्रांड एंबेसडर

## डीसी ने गरिमा को किया सम्मानित, गरिमा पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत : डीसी

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित अटेली तहसील के गांव नावदी की गरिमा को उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज अपने कार्यालय में सम्मानित किया। इस मौके पर डीसी ने इस बच्ची को ताज पहनाकर म्हारी लाडो-म्हारी शान कार्यक्रम की जिला की ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा भी की।



उपायुक्त ने बताया कि गरिमा पूरे समाज को प्रेरणा देने का कार्य करेगी। यह बच्ची समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने बताया कि यह दृष्टिबाधित लड़की होते हुए भी साक्षर पाठशाला के जरिए समाज के वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। यह बहुत बड़ी बात है। इतनी कठिनाइयों के बावजूद भी यह बच्ची इतना सब कुछ करना चाहती है जबकि जो सामान्य नागरिक है वे कुछ ना कुछ बहाने बनाकर अपनी कमजोरी दिखाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की तर्ज पर जिला महेंद्रगढ़ में चल रहा म्हारी लाडो-म्हारी शान कार्यक्रम के जरिए गरिमा समाज को बहुत बड़ा संदेश देने का कार्य करेगी। इस मौके पर उन्होंने बच्ची के माता-पिता से भी बातचीत की। उपायुक्त ने कहा कि इस बच्ची को वह अपनी तरफ से कुछ भेंट करना चाहती हैं। माता-पिता इसकी जरूरत के अनुसार कोई भी तकनीकी उपकरण बताएं जो इसके लिए उपयोगी रहे वे इन्हें भेंट करेंगी।

गौरतलब है कि 22 जनवरी, 2024 को विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के राष्ट्रपति द्वारा गांव नावदी की गरिमा को सामाजिक कार्यों के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया था। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए देश के सभी क्षेत्रों से असाधारण उपलब्धियों के लिए 19 बच्चों का चयन किया गया है। इन बच्चों में हरियाणा के एक छोटे से गांव की बच्ची का नाम आना जिला महेंद्रगढ़ के लिए गर्व की बात है। गरिमा की इसी उपलबधि पर आज उपायुक्त ने उन्हें कार्यालय में सम्मानित किया।

# मंडी अटेली में एनएच-11 पर दुर्घटना

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** मंडी अटेली बाईपास के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक योगेश गुरुग्राम में नौकरी करता था। वह अपने गांव से गुरुग्राम के लिए निकला था। राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर अटेली बाईपास के नजदीक गुरुग्राम जाने के लिए बस का इंतजार करते समय अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर नारनौल के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। इस बारे में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव दोंगड़ा अहीर निवासी जगत सिंह ने बताया कि उसका भतीजा योगेश कुमार गुरुग्राम में नौकरी करता था। वह अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था। उन्हें सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर अटेली बाईपास के नजदीक उसका एक्सीडेंट हो गया है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची। जिसके बाद योगेश को अटेली के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सप्त दिवसीय शिविर के पांचवें दिन का आरंभ योगाभ्यास से

## सेविकाओं ने पटीकारा के सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान किया




**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के सप्त दिवसीय शिविर के पांचवें दिन का आरंभ योगाभ्यास से किया गया ।तत्पश्चात सेविकाओं ने गांव पटीकारा के सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान किया ।वही छात्राओं को जलपान करवाया गया। श्रीमती पवित्रा के द्वारा छात्रों को प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई ।इसी क्रम में उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 112 की भी जानकारी दी जो की कोई भी दुर्घटना हो जाने पर एंबुलेंस तथा पुलिस को सूचना देने के लिए उपयोग में लिया जाता है। दोपहर भोज के उपरांत डॉक्टर अलका यादव ने किशोरावस्था से जुड़ी हुई स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत जानकारी स्वयंसेविकाओं को दी। साथी डॉक्टर अनिल भी सत्र में शामिल हुए जिन्होंने एड्स नामक गंभीर बीमारी के विषय में स्वयं सेविकाओं को जागरूक किया। संध्या सत्र में टेक चंद्र के द्वारा छात्राओं को प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किए जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई ।संध्या सत्र में ही छात्राओं ने प्लास्टिक का उपयोग न करने एवंयातायात के नियमों का पालन करने के विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।

# हथीन में 4 करोड़ 90 लाख के बजट से सीवर समस्या का होगा समाधान

## विधायक ने कार्यों का किया उद्घाटन



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** हथीन नगर पालिका के अंदर गहन आबादी के शहरी क्षेत्र में सीवर सीवरेज की समस्या के समाधान के लिए जन स्वास्थ्य विभाग ने नई टेक्नोलॉजी से सीवर की सफाई एवन लाइन बिछाने का कार्य करने का फैसला लिया है। विभाग की इस नई टेक्नोलॉजी वाली योजना के कार्यों का विधायक प्रवीण डागर ने सोमवार को उद्घाटन किया। विभाग के जूनियर इंजीनियर योगेंद्र ने इस मौके पर बताया कि यह योजना सीपी की पी.पी.पी तकनीकी के माध्यम से काम किया जाएगा। मुख्य लाइन जो क्षतिग्रस्त हो चुकी है, बिना खुदाई करे उसको नई तकनीक के द्वारा पाइपलाइन डाली जाएगी, जिसमें लगभग 815 मीटर लंबी लाइन इस प्रक्रिया के द्वारा डाली जाएगी। इस अवसर पर हथीन मण्डल भाजपा प्रधान राकेश गर्ग, नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन सुमित राजपूत, उटावड मण्डल के प्रधान बलवीर शर्मा, मण्डकौला मण्डल के प्रधान शिवकुमार, विस्तारक वीर सिंह देशवाल, नरेश चौधरी, मोतीराम शर्मा, अशोक तंवर, फतेह सिंह ठाकुर एवं विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर, सुपरवाइजर दीपक, राधेलाल, काम करने वाली कंपनी वन इंजीनियरिंग के सुपरवाइजर अभय सिंह व राम सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

# त्याग और समर्पण की भावना ही मनुष्य का असली जीवन : जगदीप सिंह

**शहर के ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व कमिश्नर जगदीप सिंह**



**सिटी 24 न्यूज/सतीश खतरी**

**सिवानी मंडी।** मनुष्य को अपने जीवन में त्याग एवं समर्पण की भावना से कार्य करना चाहिए और एक दूसरे के काम आना चाहिए उपरोक्त वक्तव्य आज सिवानी शहर के ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व कमिश्नर जगदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहे उन्होंने कहा कि आज का मनुष्य लगातार अपने परिवार एवं समाज से दूर होता जा रहा है हमें अपने समाज को जोड़ने की जरूरत है ताकि हमारा जो जीवन है वह अच्छा बन सके हमें अपने बच्चों को संस्कार देने की आवश्यकता है।

साथ ही नशे पत्ते से दूर रहकर सामाजिक सहभागिता से जीवन यापन करें इसके लिए हर व्यक्ति को प्रयास करना चाहिए। विश्वविद्यालय की संचालिका बीके राजेंद्र बहन जी एवं बीके निर्मल बहन जी ने जगदीप सिंह का स्वागत किया और ईश्वर ज्ञान के बारे में जानकारी प्रदान की बीके राजेंद्र ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से पहले पूर्व शिक्षा मंत्री बहादुर सिंह जी भी आश्रम में समय-समय पर आते रहते थे अब उनके बेटे जगदीप सिंह आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में अवसर में जरूर पहुंचते हैं उन्हें बताया कि उन्होंने अपने अधिकारी रहते हुए समय-समय पर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपने एक अलग ही छाप छोड़ रखी है। जगदीप सिंह ने इसके बाद आज शहर के अनेक सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस अवसर पर बी.के राजिंदर दीदी जी, निर्मल दीदी जी दया चोपड़ा, राजिंदर कुमार शर्मा, कशिश सीमा अरोड़ा, पंकज, विजय अग्रवाल, सदानंद, धर्मपाल सोनी, मोक्षिका, हार्दिक राजकुमारी दुरेजा, रामनिवास तलवानी, सुनील बिश्नोई, राजकुमार घंघाला सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# पृथ्वी प्रकृति का श्रृंगार इसका संरक्षण हमारा नैतिक कर्तव्यः सुधीर



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हानी तेरी छात्राओं ने सोमवार को धनौंन्दा - खड़कड़ाबास के बाबा दयाल मंदिर में साफ सफाई कर पौधों की देखभाल की शिविर में पहुंचे सुधीर यादव ने कहा कि पृथ्वी प्रकृति का श्रृंगार है इसका संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेवारी है पेड़-पौधे तथा सुंदरता बनाए रखने से वायुमंडल शुद्ध रहता है तथा शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है शिविर के माध्यम से किया जा रहे कार्यों की ग्रामवासियों ने सराहना की। पंचायत समिति की पूर्व चेयरपर्सन सरला देवी ने कहा की गांव की स्वच्छता को लेकर एनएसएस की छात्राओं उत्कृष्ट पहल की है उनके कार्य से ग्रामीण भी सफाई के प्रति जागरूक हुए हैं सुधीर यादव ने पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में कहा कि ब्रह्मांड में पृथ्वी पर ही जीवन है तथा जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण प्रकृति का एक अमूल्य उपहार है। वह प्रत्येक तत्व जिसका उपयोग हम जीवित रहने के लिए करते हैं, वे सभी पर्यावरण के अन्तर्गत आते हैं।उन्होंने कहा कि -धरती हमारा निवास स्थान ही नहीं, अपितु हमारी माता भी है, इसके दोहन को रोकना हमारा कर्तव्य है। पर्यावरण के प्रति व्यक्ति जागरूक नहीं होगा तो इसका दुष्परिणाम मानव जाति को भुगतना पड़ेगा धरती पर रहने वाले सभी जीवों की अस्मिता का आदर करें । उन्होंने नस की स्वयं सेविकाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सीमा देवी, सीमा देवी, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, पवन एवं नीरज उपस्थित थे।

# कर्तव्य पथ पर देखी विकसित भारत की झलक

**विभिन्न राज्यों की परेड ने किया शानदार प्रदर्शन**

**विशेष मेहमान के रूप में शामिल हुए नलोई के प्रियंका जांगड़ा**



**सिटी 24 न्यूज/सतीश खतरी**

**सिवानी मंडी।** गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर आयोजित राष्ट्रीय पर्व में खंड के गांव नलोई की जन जागृति महिला समूह की अध्यक्ष प्रियंका जांगड़ा ने अपने जीवनसाथी मनोज जांगड़ा के साथ विशेष मेहमान के रूप में पहुंचकर शिरकत की और पूरे कार्यक्रम को देखा। बता दें कि अबकी बार केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में कार्य कर है। सामाजिक युवाओं को गणतंत्र दिवस की विशेष कार्यक्रम में विशेष मेहमान के रूप में आमंत्रित किया गया था। जिसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों के युवाओं ने हिस्सा लिया जिसमें प्रियंका जांगड़ा ने अपने पति मनोज जांगड़ा के साथ पहुंचकर इस कार्यक्रम को दिखा।

प्रियंका जांगड़ा ने कहा जीवन में पहली बार कर्तव्य पथ की परेड देखने का मौका मिला है इससे पहले टेलीविजन के माध्यम से परेड देखी थी लेकिन आज जो यहां परेड देखकर अनुभूति हुई है वास्तव में हमारा देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है और विभिन्न प्रकार की वैज्ञानिक तकनीक को अपनाकर आज अन्य देशों के लिए प्रेरणा बना हुआ है उन्हें बताया की आज देश की बेटियां किसी भी क्षेत्र में काम नहीं है। परेड के दौरान भी विभिन्न राज्यों की बेटियों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया वहीं विभिन्न सेना में कार्यरत बेटियों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया। जिससे देश में बेटियों को एक नई दिशा मिली है सरकार द्वारा हमें जो विशेष रूप में मौका दिया गया इस पल को कभी बुलाया नहीं जा सकता। इस बारे में जानकारी देते हुए स्टेट अवॉर्डी मनोज जांगड़ा ने बताया कि यह दिन जीवन में याद रहेगा जब देश की राजधानी में प्रदेश भर के विभिन्न जाबाजों सैनिको ,टुकडि़यों एवं बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की मनमोहन झांकियां प्रस्तुत की गई और वायु सेवा के जवानों द्वारा हवाई जहाज के करतब दिखाए गए उन्होंने बताया ग्रामीण प्रवेश की युवाओं को सरकार ने जो भाग लेने का अवसर प्रदान किया यह काबिले तारीफ है इसे बहुत कुछ सीखने को मिला और विभिन्न राज्यों की विभिन्न कलाओं के बारे में जानकारी ग्रहण की।

# ककराला पंचायत गांव भवन में सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर पंच-सरपंच में बनी तनातनी



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव ककराला में बने पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है गांव के पंच तथा प्रमोद ग्रामीण पंचायत भवन में कैमरे लगाने के पक्ष में हैं वहीं सरपंच हुए उनके समर्थित ग्रामीण सहमत नहीं है इस बारे में ग्रामीणों व राजपाल पंच की ओर से अपने खर्चे पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को आवेदन कर पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति मांगी थी उन्होंने जिला उपयुक्त को भी पत्र भेजकर स्वीकृति के लिए लिखा था प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से मिली गई अनुमति के आधार पर पंचायत भवन में कैमरे लगाने का कार्य शुरू किया गया तो दोनों ओर से तनातनी हो गई कैमरे लगाने की शर्त के मुताबिक कमरे में समस्त उपकरण पंचायत के सुपुर्द होंगे जरूरत पड़ने पर कैमरे की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग सक्षम अधिकारी के आदेश पर ही जारी की जा सकेगी, पंचायत भवन में लगाए गए समस्त सीसीटीवी कैमरे ग्राम पंचायत की संपतति समझी जाएगी जिसे नुकसान पहुंचने पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, कैमरे लगाते समय पंचायत भवन को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उपरोक्त स्वीकृति के आधार पर दी गई स्वीकृति ग्राम सरपंच हुए ग्राम सचिव को निर्देश दिए गए हैं बीडीपीओ अरुण कुमार ने बताया कि पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाद ग्राम पंचायत द्वारा वहां पर घटित होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा सकेगी सुरक्षा पहलुओं के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे समय की मांग है।

# एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में हुआ ''परीक्षा पे चर्चा'' का सीधा प्रसारण




**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में सोमवार को परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों सहित विद्यालय के शिक्षक हाजिर रहे विद्यालय के चैयरमैन जगदेव यादव ने बताया की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परीक्षार्थियों के मानसिक तनाव को कम कर उनमें आत्मविश्वास जागृत करना और परीक्षा के लिए उन्हे सहज बनाना है। इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षार्थियों को बिना घबराए सहज तरीके से परीक्षाओं में बैठने का संदेश दे रहे हैं उन्होंने कहा कि इस वक्त देशभर के छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा की तैयारीयों में जुटे हुयें हैं ऐसे में सोमवार को प्रधानमंत्री की ''परिक्षा पे चर्चा'' का 7 वां चरण आयोजित किया गया। जो सुबह 11 से बजे छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक और अभिभावकों के साथ चला परीक्षार्थियों को परीक्षा में बेहतर करने और निराश नहीं होने के टिप्स बताए इस कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित ''भारत मण्डपम'' से किया गया। चैयरमैन जगदेव यादव ने बताया की परिक्षा पे चर्चा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रशंनीय कार्यक्रम हैं जो हर वर्ष परिक्षार्थियों को परिक्षा के लिए बेहतर तरीके से तैयार करता हैं। उन्होने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को इसका अनुशरण व अनुपालन करना चाहिए।

# जजपा ने की अटेली व महेंद्रगढ़ हलका की कार्यकारिणी घोषित

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी ने अटेली व महेंद्रगढ़ हलका की कार्यकारिणी घोषित की है। अटेली हलका में जहां तीन वरिष्ठ उपप्रधान बनाए गए है, वहीं महेंद्रगढ़ हलका में दो कार्यकर्ताओं को यह पद दिया गया है। इनके अलावा उपाध्यक्ष, प्रधान महासचिव, सचिव, प्रचार सचिव व खजांची की भी नियुक्ति की गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं को मिली नई जिम्मेवारी के लिए इन्होंने शीर्ष नेताओं का आभार जताते हुए भविष्य में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीत के लिए अहम किरदार निभाने का भरोसा दिलाया है।

इस संबंध में जजपा जिला प्रवक्ता ने बताया कि जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा, अटेली हलका अध्यक्ष कुलदीप कलवाड़ी व महेंद्रगढ़ हलका अध्यक्ष रविंद्र गागड़वास ने पार्टी के शीर्ष नेताओं से रायशुमारी कर अटेली व महेंद्रगढ़ हलका की कार्यकारिणी घोषित की है। इसमें अटेली हलका से वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतबीर कलवाड़ी, भूपसिंह झिंगावन व उजागर सिंह ककराला को बनाया गया है। अटेली हलका का उपाध्यक्ष महेंद्र लांबा सिहोर, विक्रम दौंगड़ा, पवन कनीना, रविंद्र बेवल, देवेंद्र चेलावास, महेंद्र सिंह उन्हाणी तथा विक्रम दूलोठ जाट को बनाया गया है। प्रधान महासचिव लीलाराम कोका को बनाया गया है। महासचिव इंद्रपाल बोचड़िया, अनुज कौशिक तलवाना, मुकेश कुमार पाथेड़ा, ओमप्रकाश खैराना, लीलाराम अगिहार एवं वेदप्रकाश हलवाई को बनाया गया है। प्रचार सचिव की कमान सुनील खेड़ी कांटी को दी गई है। महेंद्रगढ़ हलका वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन शेखावत सतनाली व महिपाल मास्टर सुरेहती जाखल बनाया गया है। प्रधान महासचिव हरिकिशन थानेदार बूचौली को बनाया गया है। इसी प्रकार महासचिव ओमप्रकाश सुरहेती पिलानियां, संजय निंबेहड़ा, राजबीर श्यामपुरा, रामचंद्र बचीनी, नानूराम बावरिया सतनाली, मनोज जोनावास व हनुमान खेड़की को बनाया है। सचिव प्रवीण ढाणा, कृष्ण पथरवा, राकेश बलाना, महताब खायरा, कमल सैनी झगड़ोली, कर्मबीर नांगल हरनाथ तथा रमेश सरपंच खेड़ा को बनाया गया है। संगठन सचिव अशोक बवानिया, प्रचार सचिव पवन गागड़वास व खजांची मनोज झूक को बनाया गया है।

# नाबालिक से छेड़खानी के आरोप में पुलिस ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ किया केस दर्ज

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव में नाबालिक लड़की से छेड़खानी करने के आरोप में पुलिस ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं के दर्ज किया है तीनों आरोपी गांव कपूरी के बताए गए हैं कनीना सदर थाना अध्यक्ष निरीक्षक रामनाथ ने बताया कि नाबालिक के परिजनों की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें काबू किया गया है जिन्हें सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय ने तीनों को न्यायिक विरासत में भेज दिया।

# लाला लाजपत राय को दी श्रद्धांजलि



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं ने ओल्ड फरीदाबाद के लाला लाजपत राय चौक पर उनकी प्रतिमा पर फूल माला अर्पण की। लाला लाजपत राय को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में बीजेपी के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, प्रवीण चौधरी ,नरेंद्र जैन कुलदीप सिंघल, मनीष राघव, आशीष गुप्ता, दिनेश सदाना, संदीप बंसल ,सचिन वर्मा, यतेंद्र तायल एवं ललित सिंघल उपस्थित थे।

# आंखों के निशुल्क शिविर में 80 लोगों ने कराई जांच



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को ग्रेटर फरीदाबाद के मवई गांव में निशुल्क नेत्र जांच का कैंप लगाया गया ।जिसमें 80 से ज्यादा लोगों ने अपनी नेत्र जांच कराई एवं चार लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया गया। संस्था द्वारा लोगों को निशुल्क दवाई एवं चश्मे भी वितरित किए गए। संस्था के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया की संस्था कई वर्षों से इस तरह के कैंपों का आयोजन कर रही है। इसके अलावा नि:शुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी कराए जा रहे हैं ।इसी कड़ी में यह कैंप लगाया गया। कैंप आयोजन में जतिन प्रधान, ब्रह्मानंद शर्मा, शोभित शर्मा ,पंडित विनय शास्त्री, अनीश का विशेष योगदान रहा।

सिटी 24 न्यूज
सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# दिल्ली और पंजाब के बाद हरियाणा में बनेगी आम आदमी पार्टी की सरकार : हरेंद्र भाटी

## हरियाणा के घर घर में जींद की बदलाव जनसभा के चर्चा



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी की जींद में आयोजित बदलाव जनसभा की चर्चा हरियाणा के घर घर में है। जनसभा में उमड़े जनसैलाब ने दिखा दिया कि प्रदेश की जनता खट्टर सरकार से त्रस्त है और बदलाव चाहती है। ये बात आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने कही। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष हरेंद्र भाटी , प्रदेश सह – सचिव प्रवेश मेहता,ब्लॉक प्रधान चौधरी चन्द्र पाल, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष देवराज गौर ने संयुक्त रूप से कहा कि हरियाणा के घर घर में जींद की बदलाव जनसभा के चर्चा है। जींद में उमड़े जन सैलाब ने दिखा दिया कि हरियाणा के लाल केजरीवाल की गारंटी के साथ हरियाणा की जनता खड़ी है और 2024 में दिल्ली और पंजाब के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि बदलाव जनसभा में केजरीवाल 1 लाख जीरो बिजली के बिल लेकर पहुंचे। इसकी पूरे हरियाणा में चर्चा है। दिल्ली में जनता को फ्री बिजली मिल रही है। पंजाब में 90 प्रतिशत ने ज्यादा लोगों को फ्री बिजली मिल रही है। इस बार हरियाणा की जनता भी आम आदमी पार्टी की सरकार लाकर अपने बिजली के बिल को जीरो करवाएगी। उन्होंने कहा कि जींद महासभा में अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने बताया कि पंजाब में 40 लाख घरों में जीरो बिजली के बिल आते हैं। वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में महज 20 महीने में 42,000 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। इसके साथ पंजाब में 664 मोहल्ला क्लिनिक चल रहे हैं। जबकि 125 बनकर तैयार हैं। इनमें अबतक 1 करोड़ से ज्यादा लोग फ्री इलाज, फ्री टेस्ट और फ्री दवाइयों की सुविधा ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि जींद जनसभा में अरविंद केजरीवाल ने दिखा दिया कि वे ईडी और सीबीआई से नहीं डरते हैं। उनमें हरियाणवी खून है। जो जनता की भलाई के लिए जेल जाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। आम आदमी पार्टी के एक एक कार्यकर्ता उनके सच्चे सिपाही हैं। हरियाणा के हरेक घर तक अरविंद केजरीवाल की नीतियों को पहुंचाने का काम करेंगे। पंजाब के जीरो बिजली के बिलों को हरियाणा के हरेक गांव में जनता के बीच लेकर जायेंगे। इस बार हरियाणा की जनता भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएगी।

# इनेलो ही सही मायने में ताऊ देवीलाल के सपनों की पार्टी है : सुनील तेवतिया

## छत्तीस बिरादरी ने किया सुनील तेवतिया का पगड़ी बांधकर स्वागत



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** इनेलो के वरिष्ठ नेता एवं राजा नाहर सिंह के वंशज सुनील तेवतिया का आज राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव मित्रोल में आर्य समाज व छत्तीय बिरादरी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री तेवतिया का पगड़ी बांधकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए श्री तेवतिया ने कहा है कि हरियाणा सरकार रोजगार देने में देश में सबसे अंतिम स्थान पर आ गई है। आज 38 प्रतिशत युवा हरियाणा में बेरोजगार घूम रहा है। एमबीए-बीबीए पास छात्र-छात्राएं आज नौकरी के लिए धक्के खाने के लिए मजबूर है। इनेलो की सरकार बनने पर सबसे पहली प्राथमिकता सरकार की युवाओं को रोजगार मुहैय्या करवाना होगा और हर घर में एक रोजगार अवश्य दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में जंगलराज जैसा वातावरण है, न ही पीने का पानी है और सडक़ों में गड्डे है या गड्डे में सडक़ है पता ही नहीं चलता। श्री तेवतिया ने युवाओं व ग्रामीणों से कहा कि आने वाला राज इनेलो का होगा और हर व्यक्ति को उसका हक मिलेगा। इनेलो ही सही मायने में ताऊ देवीलाल के सपनों की पार्टी है, अगर प्रदेश में इनेलो की सरकार बनी तो फिर से स्व. देवीलाल की योजनाओं का लाभ लेगें। बुजुर्गों की पैंशन जहां 7500 रूपए होगी। वहीं हर घर में एक सिलेण्डर फ्री दिया जाएगा। प्रत्येक घर को एक नौकरी व बेरोजगारी भत्ता 21 हजार रूपए होगा।

इस अवसर पर युवा इनेलो के जिला अजय चौधरी, ज्ञानसिंह चौहान, मास्टर बिसनसिंह, दुलीचंद महासेजी, मानसिंह, यशपाल, दयाराम, करणसिंह, आचार्य आनंदमित्र, नारायण आर्य, गौतम तेवतिया, प्रमोद दीक्षित सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# अमृता हॉस्पिटल में मातृ-नवजात इंटेंसिव केयर यूनिट का शुभारंभ

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल ने प्राइवेट हेल्थकेयर सेक्टर में अपनी तरह की पहली मातृ-नवजात इंटेंसिव केयर युनिट (एमएनआईसीयू) लॉन्च की है। यह युनिट जन्म से शून्य अलगाव रणनीति को उच्च प्राथमिकता देती है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा किए गए शोध के अनुरूप है, जिसने नवजात शिशुओं का जीवन बचाने के लिए तत्काल कंगारू मदर केयर (आईकेएमसी) की निर्विवाद क्षमता का प्रदर्शन किया है। समय से पहले जन्म और जन्म के समय कम वजन के कारण नवजात शिशुओं की बढ़ती मौतों को देखते हुए, एम-एनआईसीयू की स्थापना समय की मांग बन गई है। डब्ल्यूएचओ का इमीडिएट कंगारू मदर केयर (द्वयरूष्ट) परीक्षण, भारत सहित पांच केंद्रों में आयोजित किया गया, जिसमें 1 से 1.8 किलोग्राम वजन वाले शिशुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। शोध से पता चला कि जन्म के तुरंत बाद कंगारू मदर केयर शुरू करने और इसकी अवधि बढ़ाने से नवजात मृत्यु में 25त्न की कमी आई। इससे एम-एनआईसीयू की स्थापना हुई, जिसमें समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं के असतित्व को बढ़ाने में प्रारंभिक शुरुआत निरंतर कंगारू मदर केयर की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। अमृता हॉसपिटल फरीदाबाद के नियोनेटोलॉजी विभाग की सीनियर कंसलटेंट डॉ निधी गुप्ता ने



कहा, एम-एनआईसीयू में छोटे और बीमार शिशुओं को ज़ीरो सेप्रेशन से जल्दी स्तनपान को बढ़ावा देने के साथ-साथ संक्रमण और बुखार के जोखिम को कम करने में मदद मिली है। यह दृष्टिकोण मां और बच्चे के बीच भावनात्मक बंधन को मजबूत करता है, मातृ संतुष्टि को बढ़ाता है और परिवार-केंद्रित देखभाल सिद्धांतों के अनुरूप मां को पर्यवेक्षण के तहत प्राथमिक देखभालकर्ता बनाता है। अमृता हॉसपिटल फरीदाबाद एम-एनआईसीयू के लॉन्च के साथ, नई माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एक सपोर्टिव एनवायरनमेंट को बढ़ावा देना चाहता है। देखभाल के लिए समग्र दृष्टिकोण सुनिश्चित करते हुए, अस्पताल नि:शुल्क ठहरने की सुविधा प्रदान करता है। प्रसूति टीम द्वारा सेल्फकेयर और नियमित राउंड के लिए निर्धारित स्थानों के साथ, एम-एनआईसीयू ने लगभग 50 मातृ-नवजात शिशुओं की सेवा की है। स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए, अमृता के ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम और एनआईसीयू के कर्मचारियों को प्रसूति एवं स्त्री रोग की एचओडी डॉ. प्रतिमा मित्तल और नियोनेटोलॉजी विभाग के कंसलटेंट डॉ. हेमंत शर्मा के मार्गदर्शन में विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। सकारात्मक प्रतिक्रिया और सफल परिणाम, विशेष रूप से समय से पहले छुट्टी पाने वाले शिशुओं के स्वस्थ और विशेष रूप से स्तनपान कराने के मामले में, इस पहल की प्रभावशाली और दयालु प्रकृति को दर्शाते हैं। अमृता हॉसपिटल फरीदाबाद के एमएनआईसीयू लॉन्च में मुख्य अतिथि, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. पॉल ने कहा, कि आज जब हम पीछे मुडक़र देखते हैं तो यह अजीब लगता है कि अनुचित चिंताओं के कारण माताओं को आईसीयू से बाहर रखा जाता था। हमें यह एहसास हुआ कि एक माँ का अपने शिशु के साथ समय को एक विशिष्ट सीमा तक सीमित करना अन्यायपूर्ण था। केएमसी को अपनाने से शिशुओं और मातृ भावनाओं दोनों पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव दिखे हैं। हमने व्यापक मनोवैज्ञानिक परीक्षण के माध्यम से पाया कि केएमसी का माताओं पर शांत प्रभाव पड़ता है, जिससे उनकी चिंताएं और परेशानी कम हुई हैं। इसने हमें केएमसी को एक अध्ययन से एक आंदोलन के रूप में विकसित करते हुए अनुसंधान में गहराई से उतरने के लिए प्रेरित किया। यह आज एक महत्वपूर्ण चैनल के रूप में कार्य करता है, जो आईसीयू में अपने बच्चों की रिकवरी में माताओं के भारी योगदान को मान्यता देता है।

# महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी 37वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेले का उदघाटन

## सूरजकुंड मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की मीटिंग में दिए निर्देश




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** 37वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ऐसे में मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। डीसी विक्रम सिंह सूरजकुंड परिसर स्थित होटल राजहंस में 2 फरवरी से शुरू होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राप्ट मेले की तैयारियों को लेकर सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 2 फरवरी को मेले का आधिकारिक उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा किया जाएगा वहीं 3 तारीख को उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड मेले में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले में शिरकत करेंगे। मेला सुबह 10:00 बजे शुरू हो कर रात 08:00 बजे तक रहेगा। वहीं बड़ी चौपाल व छोटी चौपालों पर लगातार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां देश व विदेश के कलाकारों के अलावा स्कूली बच्चे भी अपनी प्रस्तुती देंगी। बच्चों के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। इस दौरान सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला में विभिन्न स्थानों पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया व मेले के दौरान लगने वाले विभिन्न स्टालों की जानकारी भी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में सफाई, सडक़ों की व्यवस्था, लाईटिंग, बिजली की व्यवस्था, शौचालयों सहित सभी सुविधाएं बेहतरीन हों। इसके लिए सभी विभागों को भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। मेले में पार्किंग सहित अन्य सभी विषयों पर भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। मीटिंग में एडीसी आनंद शर्मा, पर्यटन विभाग के एमडी नीरज कुमार, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, डीसीपी ट्राफिक अमित यशवर्धन, जीएम टूरिज्म यूएस भारद्वाज, सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# जींद की सफल रैली से भाजपा और कांग्रेस की नींद उड़ी : धर्मवीर भड़ाना




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** आप सभी को ज्ञात होगा कि कल 28 जनवरी को हरियाणा के जींद में आम आदमी पार्टी की रैली सफल होने के पश्चात आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना एवं हरियाणा प्रदेश आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता नरेश शर्मा ने अपने एक संयुक्त बयान में कहा कि आम आदमी पार्टी की विशाल रैली को देखकर भाजपा और कांग्रेस के नेताओं की नींद उड़ चुकी है, आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि यह सफल रैली से यह सिद्ध होता है कि आम आदमी पार्टी का हरियाणा में वर्चस्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, हरियाणा की जनता भी मुफ्त बिजली और मुफ्त पानी एवं महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा जैसी सुविधा को अपनाने के लिए तैयार है और आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा के अंदर भी पंजाब की एवं दिल्ली की तर्ज पर आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी धर्मवीर भड़ाना ने बताया कि भाजपा सरकार ने रैली को विफल करने की पुरजोर कोशिश की, इंटरनेट सेवा बंद करने एवं कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज एवं उनका रास्ता रोकने की कोशिश की गई लेकिन लाखों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर रैली को सफल बनाया, उन्होंने यह भी कहा कि रैली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान ने लाखों जीरो बिजली के बिल दिखा करके हरियाणा की जनता को चौंका दिया आगे विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियों का सूपड़ा साफ कर पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी सरकार बनेगी।

# 44 भक्तों का मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन हुआ संपन्न



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** श्री सिद्धदाता आश्रम के 44 भक्त आज मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन के बाद आश्रम लौटे और श्री गुरु महाराज का धन्यवाद कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इनको मोतियाबिंद की जांच के बाद रोटरी क्लब फरीदाबाद के सहयोग से पलवल स्थित एबल अस्पताल ले जाया गया था। जहां निशुल्क ऑपरेशन किया गया।

इस अवसर पर स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने सभी को आंखों के नए जीवन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि परमात्मा के दिए इस जीवन में हर अंग का विशेष महत्व है। इनमें भी आंखें हमें इस दुनिया से परिचित करवाती हैं और हमारे दैनिक कार्यों को सरल बनाती हैं लेकिन मोतियाबिंद जैसी बीमारी आंखों को छीन लेती है और व्यक्ति दूसरों पर निर्भर हो जाता है। उन्होंने भक्तों से कहा कि अपनी सेहत के प्रति सभी को जागरुक रहना चाहिए जिससे किसी भी प्रकार के रोग को शुरु में ही इलाज करवाकर दूर किया जा सके। इसके लिए नियमित स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए।

आश्रम में हर रविवार को विशेषज्ञ चिकित्सक शिविर में लोगों की जांच करते हैं। जिनका लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर रोटरी क्लब फरीदाबाद के प्रेजिडेंट अमरजीत सिंह नारंग व एबल अस्पताल के चैयरमेन प्रेम कुमार खुल्लर जी ने सभी सभी मरीजों को आंखों के नए जीवन के लिए बधाई दी।

बता दें कि 13 जनवरी को आश्रम में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में मोतियाबिंद पाए जाने के बाद इन लोगों को ऑपरेशन के लिए ले जाया गया था।

# टैक्नोलॉजी का सही उपयोग सीखना जरूरी : सीमा त्रिखा

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा आज राजकीय माडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-3 के प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने पहुंचीं। बड़ी स्क्रीन पर विद्यार्थियों के संग परीक्षा चर्चा कार्यक्रम देखा। उनके साथ भाजपा नेता ओमप्रकाश ढींगरा, संजय महेन्द्रू, बिपिन व रितु प्रकाश, स्कूल के उप प्राचार्य देवेन्द्र व शिक्षक संजय शर्मा, परवीन चौधरी, रितु गांधी, चंचल, यशपाल शर्मा, सुधीर, रणदीप तथा परवीन कथूरिया आदि उपस्थित रहे।



'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों को कई तरह की टिप्स दी। छात्रों से बात करते हुए पीएम ने घर में 'नो गैजेट जोन' बनाने की सलाह दी। पीएम मोदी ने कहा कि टेक्नोलाजी को बोझ नहीं मानना चाहिए, इसका सही उपयोग सीखना जरूरी है, आप अपने माता-पिता को बताएं कि मोबाइल फोन पर क्या-क्या होता है, नहीं तो माँ-बाप को लगेगा कि मोबाइल फोन मतलब दोस्तों से चिपका हुआ है, स्क्रीन टाइमर आन करके रखें, ताकि आपको पता चलें कि कहीं आप मोबाइल फोन का ज्यादा उपयोग तो नहीं कर रहे, हमें भी पता चलना चाहिए कि हाँ यार, ज्यादा हो गया, अब रुकना चाहिए। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षकों को टिप्स देते हुए कहा कि बच्चों के तनाव को कम करने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है, इसलिए शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। शिक्षक का काम सिर्फ जाब करना नहीं, बल्कि जिंदगी को संवारना है, जिंदगी को सामर्थ्य देना है, यही परिवर्तन लाता है। परीक्षा के तनाव को विद्यार्थियों के साथ-साथ पूरे परिवार और शिक्षक को मिलकर एड्रेस करना चाहिए। अगर जीवन में चुनौती और स्पर्धा ना हो, तो जीवन प्रेरणाहीन और चेतनाहीन बन जाएगा। इसलिए कम्पटिशन तो होना ही चाहिए, लेकिन हेल्दी कम्पटिशन होना चाहिए। पीएम मोदी के लाइव कार्यक्रम उपरांत विधायक सीमा त्रिखा ने विद्यार्थियों को तनावरहित रहकर परीक्षा की तैयारी पूरी मेहनत व लगन से करने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों के लिए तनावरहित वातावरण बनाने का पूरा प्रबंध करें ताकि बेहतर ढंग से पढ़ाई करके अच्छे अंकों से अपनी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होकर अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकें।